रोहतक
गुरुवार, 4 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 28, अंक : 67
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 34.0
न्यून. 18.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 इंडी गठबंधन के आधे नेता जेल में, आधे बेल पर

## खबर संक्षेप

### मनमोहन की 33 वर्ष लंबी संसदीय पारी का समापन



**नई दिल्ली।** आर्थिक सुधारों के सूत्रधार माने जाने वाले पूर्व पीएम मनमोहन सिंह (91) का राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हो गया और इसी के साथ उनकी 33 साल लंबी संसदीय पारी का पटाक्षेप हो गया। मृदुभाषी, विद्वान और विनम्र सिंह ने राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई। भाषा

### यूपीएससी ने जारी किया एनडीए-एनए 2 का रिजल्ट

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और नौसेना अकादमी परीक्षा 2 (एनए 2) का रिजल्ट जारी कर दिया है। अभ्यर्थियों को इसका इंतजार था। जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी वे वेबसाइट upsc.gov.in पर परिणाम देख सकते हैं। एजेंसी

### बिहार से राज्यसभा सांसद सुशील मोदी को कैंसर

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने राजनीति से संन्यास लेने का लोकसभा चुनाव के बीच एलान किया है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि 6 माह से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि यह बताने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊंगा। पीएम को सब कुछ बता दिया है। भाषा

### महाराष्ट्र में आग लगने से सात लोगों की मौत

**मुंबई।** छत्रपति संभाजीनगर में आग लगने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं, दो पुरुष और दो बच्चे शामिल हैं। आग टेलरिंग की दुकान पर सुबह 4 बजे लगी। जब तक दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया, तब तक सात लोगों की जान जा चुकी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एजेंसी

**एसीबी ने पंचकूला से पकड़ा, सहयोगी अनु कौशिक अभी जेल में**

# सौ करोड़ के सहकारिता घोटाले का मास्टरमाइंड नरेश गोयल गिरफ्तार



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में 100 करोड़ रुपये के सहकारिता घोटाले के मास्टरमाइंड नरेश गोयल को हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। मुखबिर की सूचना पर एसीबी की टीम ने गोयल को पंचकूला से गिरफ्तार किया है। सहकारिता विभाग के उजागर हुए 100 करोड़ों के घोटाले में आरोपित की संलिप्तता के चलते एसीबी ने यह कार्रवाई की है। एसीबी इस मामले की जांच कर रहा था। एसीबी के पास जांच के लिए आया था, जिसकी पड़ताल करने पर इस मामले में अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। नरेश कुमार गोयल पर अपने सह आरोपितों के साथ मिलकर सरकार की करोड़ों रुपये की राशि गबन करने का आरोप है। गोयल की सहयोगी मास्टरमाइंड अनु कौशिश पहले ही जेल में है।

- अब सहकारिता विभाग महिपाल ढांडा के पास
- एसीबी चीफ के आईपीएस अमिताभ ढिल्लो

**ये तीन बहनें घोटाले की सूत्रधार**

हरियाणा के सहकारिता घोटाले में तीन बहनें सूत्रधार हैं। इनमें पहली असिस्टेंट रजिस्ट्रार अनु कौशिश, दूसरी गुंजन, यह कनाडा में रहती हैं। अनु ने करोड़ों रुपया हवाला के जरिए इसी को कनाडा भेजा है। वहीं, छोटी बहन नताशा अभी जमानत पर बाहर हैं।



**हवाला के जरिये कनाडा भेजा गया घोटाले का पैसा**

**घोटाले में ये भी शामिल**

नरेश गोयल के अलावा इस 100 करोड़ के घोटाले की मास्टरमाइंड असिस्टेंट रजिस्ट्रार अनु कौशिश, बिजनेसमैन स्टालिनजीत सिंह भी हैं। इन्होंने ही फेक बिल और फर्जी कंपनियों के नाम पर सरकारी पैसे को ठिकाने लगाया। इन्होंने अपने बैंक खातों का पैसा हवाला के जरिए दुबई और कनाडा तक पहुंचाया। ये दोनों भी विदेश भागने की फिराक में थे, लेकिन एसीबी को इसकी भनक लग गई और दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। हरियाणा में अब सहकारिता विभाग महिपाल ढांडा के पास है। एसीबी चीफ भी अब आईपीएस अमिताभ ढिल्लो बनाए गए हैं। राज्य सरकार की ओर से हाल ही में इस योजना के नोडल अधिकारी नरेश गोयल के खिलाफ एसीबी को 17-ए के तहत जांच की मंजूरी दी है। एसीबी ने इस घोटाले में दर्ज एफआईआर में शामिल करने के लिए दिसंबर 2023 में गोयल के खिलाफ 17-ए की मंजूरी मांगी थी।

**खारिज हो चुकी अग्रिम जमानत**

नरेश गोयल 2 बार अग्रिम जमानत के लिए प्रयास कर चुका है। सबसे पहले उसके द्वारा सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की, यहां से उसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद वह पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा है, लेकिन वहां से भी उसकी जमानत अर्जी को खारिज कर दिया गया है। अब वह अंडरग्राउंड हो गया है।

**यह है मामला**

एसीबी टीम ने 2 फरवरी को सहकारिता विभाग के इस घोटाले का खुलासा किया था। ब्यूरो ने आईसीडीपी परियोजना में 100 करोड़ से अधिक के घोटाला को पकड़ने का दावा किया था। ब्यूरो अब तक इस मामले में 14 वरिष्ठ अधिकारियों सहित 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुका है।

**पीएम मोदी का हमला**
जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं उनके पास केवल दो विकल्प, जेल या बेल

# हम भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई बंद नहीं करेंगे

**नमो ऐप से किया संवाद, बोले-भ्रष्टाचारी साथ आ गए ▸▸ उन्होंने एक गठबंधन बनाया**

भाषा ▸▸ कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और जो लोग भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं उनके पास दो ही विकल्प हैं-जेल या बेल (जमानत)। मोदी ने पश्चिम बंगाल के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के साथ 'नमो ऐप' के माध्यम से ऑनलाइन संवाद करते हुए कहा कि पूरे देश ने देखा है कि तृणमूल कांग्रेस ने किस तरह भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए हिंसा का सहारा लिया, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता निडरता से खड़े रहे। उन्होंने कहा, 'भ्रष्टाचारी साथ आ गए हैं और उन्होंने एक गठबंधन बना लिया है जो मोदी को गाली देता रहता है। लेकिन मैं साफ कर दूं कि मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना बंद नहीं करेगा। भ्रष्टाचारियों के लिए केवल दो ही विकल्प बचे हैं-जेल या बेल (जमानत)।'

**बंगाल में सबसे बड़ी चुनौती हिंसा**

चुनावी हिंसा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सबसे बड़ी चुनौती हिंसा की है। उन्होंने कहा, 'पश्चिम बंगाल चुनाव में सबसे बड़ी चुनौती चुनावी हिंसा की है, लेकिन निर्वाचन आयोग ने जनता की सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। हम सब पश्चिम बंगाल में घट रहे घटनाक्रम पर भी नजर रखते हैं। हमें हर मतदाता के घर तक पहुंचना होगा और उन्हें निडर होकर वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करना होगा।'



**इस बार ज्यादा सीट जीतेंगे**

मोदी ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस हर चुनाव से पहले किसी भी तरह से भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा, 'देश ने देखा है कि किस तरह भाजपा कार्यकर्ताओं ने धमकियों के बावजूद काम किया। तृणमूल हिंसा के सहारे भाजपा को रोकने की कोशिश करती है। देश ने यह भी देखा, किस तरह भाजपा कार्यकर्ता निडरता से अपने बूथ पर खड़े रहे। हमें इस बार और ज्यादा सीट जीतने का भरोसा है।'

**पन्ना प्रभारियों को संदेश**

पीएम ने बूथ अध्यक्षों, पन्ना प्रभारियों और कार्यकर्ताओं से कहा, 'आप मतदाताओं के सीधे संपर्क में होते हैं। उनके लिए आप ही भाजपा का चेहरा होते हैं। जब आप उनसे मिलते हैं तो वे आप में भी मोदी को ही देखते हैं। आप जो बताते हैं उन्हें लगता है कि यह मोदी बता रहा है। आप जब उनको कोई गारंटी देते हैं तो वे भरोसा करते हैं कि ये मोदी के साथी हैं तो इस गारंटी में ताकत है और इसलिए आप मतदाताओं की नजरों में बहुत बड़े व्यक्ति होते हैं।' 'आप तो क्षेत्र में रहते हैं। मतदाता भी आपको बहुत बारीकी से देखता है इसलिए आप लोगों से मिलें और सरकार की योजनाओं को बताएं।

**भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश देखकर ठंडे पड़ जाते हैं बाकी पार्टियों के नेता**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे लोकसभा चुनाव में अपने बूथ के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने के लक्ष्य के साथ काम करें। हर चुनाव में अपनी मेहनत से रिकॉर्ड बना रहे भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश देखकर बाकी पार्टियों के नेता पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं।
- मोदी ने उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण में होने वाले चुनाव के तहत आने वाली 10 सीटों के सभी 22,648 बूथ के कार्यकर्ताओं को 'नमो ऐप' से संबोधित किया। उन्होंने कहा, ''हम चुनाव में कितनी ही बड़ी विजय प्राप्त करने की इच्छा रखते हों, लेकिन जब तक पोलिंग बूथ नहीं जीतते हैं तब तक चुनाव जीत ही नहीं सकते हैं, इसलिए चुनाव में विजय की जो आत्मा है वह पोलिंग बूथ की विजय में है।'
- 'मेरा तो हमेशा आग्रह रहता है कि हमें एक ही लक्ष्य लेकर काम करना चाहिए कि हम अपना पोलिंग बूथ जीतेंगे और पुराने जितने भी रिकॉर्ड हैं उन सबको तोड़ने का संकल्प लेकर काम करेंगे।'
- कार्यकर्ता सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें। सोशल मीडिया में भी हम छाए रहने चाहिए। हमें पोलिंग बूथ के लाभार्थियों की रील बनानी चाहिए। उन रील को हमें प्रसारित करना चाहिए।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सिर्फ चुनाव प्रचार पर ध्यान केंद्रित न करें, बल्कि मतदाताओं का भाजपा के पक्ष में वोट पक्का करने का लक्ष्य रखें।
- हम पांच साल मेहनत करते हैं, लेकिन आखिरी दिन अगर मतदाता घर से नहीं निकला तो आपकी सारी मेहनत पानी में चली जाती है, इसलिए हमारा सबसे बड़ा काम है कि मतदान के दिन हम हर मतदाता को हाथ जोड़-जोड़ कर बूथ पर लाएंगे और भाजपा के पक्ष में मतदान कराएंगे, राजग के पक्ष में मतदान कराएंगे। यही हमारी आप सबसे अपेक्षा है। इसलिए कार्यकता तैयारी के साथ मैदान में उतरें।

**बेटियों की शादी के लिए जमा करवाते थे पैसे**

# नूंह के विवाह घोटाले में मौलाना समेत दो पकड़े

**1400 लोगों से 14 करोड़ रुपये लेना कबूला** | **पुलिस ने दोनों को रिमांड पर लिया** | **3,000 करोड़ का घोटाला सामने आया था**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नूंह

बेटियों के विवाह में कन्यादान देने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी कर रकम ऐंठने के मामले में पुलिस ने मौलाना अरशद निवासी बुबलहेडी और राशीद निवासी मुराकसर थाना हथीन जिला पलवल को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस कर पूछताछ में दोनों ने 1400 लोगों से बेटी की शादी में कन्यादान देने के नाम पर धोखाधड़ी करके करीब 14 करोड़ रुपये लेना कबूल किया है। बता दें कि हाल ही में 3000 करोड़ का शादी घोटाला सामने आया था। पुलिस ने घोटाले की जांच के लिए निरीक्षक रतन सिंह, प्रबन्धक थाना नगीना के नेतृत्व में जांच टीम गठित की थी। टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

**ऐसे हुआ खुलासा**

जुबेदा पत्नी कमालूद्दीन निवासी नांगल शाहपुर तहसील नगीना, नूंह ने थाना नगीना में शिकायत दी थी कि उसकी बेटी की शादी कराने व कन्यादान देने के नाम पर मौलाना अरशद, राशीद व उनके साथियों ने 1,10,000 रुपये की धोखाधड़ी की। उन्होंने कन्यादान के रूप में 1 बाइक, पूरा शादी का सामान और 21,000 रुपये नकद कन्यादान देने की बात कही थी। इसके बाद उसने आरोपितों को रुपये दे दिए। शादी के समय आरोपितों नें कुछ नहीं दिया। अब पीड़ित ने न्याय मांगा है।

**नगीना थाने में केस दर्ज**

नगीना थाने में सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके निरीक्षक रतन सिंह, प्रबन्धक थाना नगीना के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई थी। इस टीम ने अब आरोपित राशीद को बडकली चौक नगीना से व मौलाना अरशद को गांव बुबलहेडी से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों से पूछताछ जारी है। दोनों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है।



# झटकों से दहला ताइवान, 9 मरे

**25 साल का सबसे तीव्र भूकंप**

**हुलिएन (एपी)।** ताइवान में बुधवार सुबह 25 साल के सबसे तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे इमारतें व राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए और नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 लोग मलबे में फंये हुए हैं। भूकंप से रेल सेवा रोकनी पड़ी। हालांकि, पूर्व में जारी सुनामी की चेतावनी बाद में वापस ले ली गई। भूकंप का केंद्र ग्रामीण, पहाड़ी हुलिएन काउंटी का तट था, जहां इमारतें 45 डिग्री के कोण पर झुक गईं और कई इमारतें ढह गईं। राजधानी ताइपे में पुरानी इमारतों और कुछ नए कार्यालय परिसरों में टाइल्स गिर गईं।

# संजय सिंह छह महीने बाद तिहाड़ जेल से बाहर आए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह 6 माह बाद बुधवार को तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आ गए। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उन्हें दिल्ली शराब नीति केस में जमानत दी थी। लीगल प्रोसेस की वजह से रिहाई नहीं हो पाई थी। संजय की पत्नी अनीता सिंह जमानत की प्रक्रिया पूरा करने के लिए कोर्ट पहुंची थी। कोर्ट ने 2 लाख के जमानती बॉन्ड और इतनी ही राशि की सिक्योरिटी पर जमानत दी। जेल से बाहर आते ही संजय के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जेल के बाहर उनके पिता और सौरभ भारद्वाज पहुंचे हैं।

**आप सांसद बोले-यह संघर्ष का समय, केजरीवाल की पत्नी सुनीता से मिलेंगे**

**जेल के ताले टूटेंगे, सभी छूटेंगे**

जेल से बाहर आने के बाद संजय ने कार्यकर्ताओं से कहा कि ये वक्त जश्न मनाने का नहीं, संघर्ष करने का है। आप के बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, संजय और सत्येंद्र जैन को इन जेल की सलाखों के पीछे रखा गया है। मुझे पूरा यकीन है कि जेल के ताले टूटेंगे और वे सभी छूटेंगे। कोर्ट ने जमानत के लिए तीन शर्तें रखीं। पहला- जेल से बाहर जाकर आबकारी नीति से जुड़ी बयानबाजी नहीं करेंगे। दूसरा-अपना पासपोर्ट सरेंडर करेंगे। दिल्ली से बाहर जाने पर लाइव लोकेशन शेयर करेंगे।

# अंधेरे में तीर नहीं मारा, हमारे पास चैट और हवाला ऑपरेटर्स के बयान : ईडी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इस पर बुधवार को जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। केजरीवाल की ओर से एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी और एडवोकेट विक्रम चौधरी मौजूद हैं। ईडी की तरफ से एएसजी एसवी राजू ने पैरवी की। अदालत में सिंघवी ने कहा-यह बहुत महत्वपूर्ण केस है। इसमें स्वतंत्र और निष्पक्ष लोकसभा चुनाव शामिल हैं, जो लोकतंत्र का हिस्सा हैं। इससे हमारा मूलभूत ढांचा बनता है। इस पर ईडी के वकील राजू ने कहा कि हम अंधेरे में तीर नहीं चला रहे। हमारे पास व्हाट्सएप चैट, हवाला ऑपरेटर्स के बयान और इनकम टैक्स का डेटा भी है।

**केजरी की गिरफ्तारी-रिमांड पर फैसला सुरक्षित**

**चुनाव से पहले गिरफ्तारी में दुर्भावना की बू : सिंघवी**

केजरीवाल की गिरफ्तारी से यह निश्चित हो गया है कि वो लोकतांत्रिक गतिविधियों में नहीं शामिल हो पाएंगे। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि पहला समन अक्टूबर 2023 को भेजा गया और गिरफ्तारी 21 मार्च को हुई। इससे दुर्भावना की बू आती है और इससे हमारे मूलभूत ढांचे को नुकसान पहुंच रहा है। मैं यहां राजनीति की नहीं, बल्कि कानून की बात कर रहा हूं। गिरफ्तारी की टाइमिंग इशारा करती है कि यह असंवैधानिक है।

**आरोपी यह नहीं कह सकते हमें गिरफ्तार न करें : राजू**

ईडी के वकील राजू ने कहा-मान लीजिए कोई इलेक्शन से 2 दिन पहले मर्डर कर देता है तो क्या उसे गिरफ्तार नहीं किया जाएगा? क्या उसकी गिरफ्तारी मूलभूत ढांचे को नुकसान पहुंचाएगी। आप मर्डर करेंगे और कहेंगे कि मुझे गिरफ्तार नहीं किया जा सकता, क्योंकि इससे मूलभूत ढांचे को नुकसान होगा। अपराधी और आरोपी यह नहीं कह सकते कि हम गुनाह करेंगे और हमें इसलिए गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, क्योंकि चुनाव हैं। ये हास्यास्पद है।

# करनाल उपचुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा की नायब सैनी सरकार को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने करनाल विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका के रद होने के बाद अब उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है। बता दें कि हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल कर करनाल उपचुनाव रद करने की मांग की गई थी। इसमें हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल एक साल से कम होने की दलील दी गई थी।

**प्रदेश सरकार को राहत**

अब करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा, पूर्व सीएम मनोहर लाल के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी सीट

**याचिका में की गई थी ये मांग**

हाईकोर्ट में करनाल उपचुनाव को लेकर दायर याचिका पर मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। बता दें कि करनाल के रहने वाले कुनाल ने याचिका में कहा है कि कानून के मुताबिक, यहां विधानसभा के उपचुनाव नहीं हो सकते, क्योंकि हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल एक वर्ष से कम बचा है। याचिका में करनाल विधानसभा के उपचुनाव को को रद करने का निर्देश देने की मांग की गई है। हरियाणा में विधानसभा के आम चुनाव इस साल अक्टूबर में होने हैं।

**तैयारी** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश

**इमरजेंसी में सप्लाई की बाधा से पैदा होने वाली चुनौतियों से निपट सकेंगे**

# भारत पहला वाणिज्यिक कच्चा तेल रणनीतिक भंडारण बनाएगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत कच्चे तेल का अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडारण बनाने की योजना बना रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। इस इकाई ने कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। निविदा दस्तावेज से यह जानकारी मिली है।

**पहले चरण में तीन स्थानों पर भंडारण**

आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन) कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। पहले चरण के तहत भंडारण का निर्माण सरकारी खर्च पर किया गया है।

**दूसरे चरण में ये**


दूसरे चरण में आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार होगा। इसमें जमीन के ऊपर सुविधाएं शामिल है। इस निर्माण में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए एसपीएम (सिंगल पॉइंट मूरिंग) व संबद्ध पाइपलाइन (तट पर और अपतटीय) का निर्माण शामिल हैं।

**निविदाएं मांगी**

निविदा में कहा कि पादुर-दो का निर्माण पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मॉडल में किया जाएगा। इसमें निजी इकाइयां भंडारण का डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण और परिचालन करेंगी। बोलीदाताओ आवश्यक वित्तीय अनुदान या उस प्रीमियम/शुल्क का बताएं। बोलियां 22 अप्रैल तक जमा की जानी हैं और निविदा 27 जून तक प्रदान की जाएगी।

**215 एकड़ भूमि का अधिग्रहण**

आईएसपीआरएल पादुर-दो के लिए लगभग 215 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर रही है। भारत अपनी 85 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है। ऐसे में आपूर्ति में व्यवधान या युद्ध जैसी किसी भी आपातकालीन स्थिति में रणनीतिक भंडार का उपयोग किया जा सकेगा।



# भाजपा में शामिल हुए बॉक्सर विजेंदर सिंह

**नई दिल्ली(भाषा)।** मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह, बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। अप्रैल 2019 में कांग्रेस में शामिल होकर राजनीति में कदम रखने वाले सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व के कारण विदेशों में खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ा है। पार्टी मुख्यालय में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता और दक्षिण दिल्ली से पार्टी के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी की मौजूदगी में विजेंदर सिंह ने केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वे सेवा के लिए राजनीति में आए हैं।

# GALGOTIAS UNIVERSITY

## GOODBYE OLD SCHOOL.

# HELLO, ACTIVE LEARNING!

The Advantages of **'The Galgotias Active Learning Environment':** Enhancing critical thinking skills, inspiring creativity and fostering innovation among students.

- Our research shows Active Learning improves information retention and recall by students up to 80% higher than conventional teaching methods
- Our Active Learning methods lead to better problem-solving abilities among students
- Our students experience better collaborative and communication skills in the specially designed Active Learning classrooms and state-of-the-art labs
- The Galgotias Active Learning method fosters a deeper understanding of complex concepts and increases motivation to learn
- Active Learning prepares our students for real-world challenges and continuous learning, bridging the industry-academia gap

**Now, no more benches, only new benchmarks.**



Active Learning in progress at the iOS Development Centre, powered by Apple & Infosys at Galgotias University.

## Our Rankings, Accreditations and Recognition for Excellence in Education, Research and Placements.

**TOP 50** in India in **INNOVATION**

Amongst **#91** in India (MANAGEMENT CATEGORY)

**#52** in India (PHARMACY CATEGORY)

By NIRF Ranking 2023

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

शिक्षा मंत्रालय Ministry of Education Government of India

**TOP 3rd** in India for filing **MAXIMUM PATENTS**

as per the Indian Patent Office Report for Academic Institutes and Universities

NAAC A+ — Accreditation in First Cycle

Grade A++ PLATINUM BAND — OBE RANKINGS 2022

NBA National Board of Accreditation — ACCREDITED Tier 1 for Computer Science Engineering, Mechanical Engineering, Electronics & Communications Engineering, B.Pharm and MBA

**Galgotias University School of Business: Times B School Ranking Survey 2024**

**#6** Amongst TOP 40 PRIVATE UNIVERSITY PAN-INDIA

**#7** Amongst TOP 20 NORTH INDIA B-SCHOOLS

**#16** Amongst TOP 100 B-SCHOOLS

**#28** Amongst TOP 50 B-SCHOOLS FOR PLACEMENTS

**Admission open 2024-25 for career-focussed UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. Programmes**

Computer Science & Engineering | Electrical Engineering | Electronics & Communication Engineering | Mechanical Engineering | Civil Engineering | Computer Applications & Technology | Biological & Life Sciences | Biomedical Sciences | Clinical Healthcare | Forensic Science | Design | Education | Nursing | Liberal Education | Media & Mass Communications Studies | Law | Agriculture | Basic Sciences Finance & Commerce | Pharmacy | Allied Health Sciences | Business | Aviation | Logistics & Supply Chain Management | Hospitality & Tourism | Polytechnic | Vocational Education

VIKSIT BHARAT @ 2047

#GetYourSelfPlaced®

GALGOTIAS UNIVERSITY

(Under the Uttar Pradesh Private Universities Act No.12 of 2019)

SCAN AND APPLY ONLINE

For the complete list of programmes offered and to apply online, visit: https://admissions.galgotiasuniversity.edu.in | www.galgotiasuniversity.edu.in | admission@galgotiasuniversity.edu.in

Plot No.2, Sector 17-A, Yamuna Expressway, Greater Noida, Gautam Buddh Nagar, Uttar Pradesh, India. Call: +91 98101 62221, 97173 00418, 95828 47072, +91-120-4370000 +91 99710 26125




धड़कनें तेज

# कांग्रेस की सूची में कई चौंकाने वाले नाम, आज होगा उम्मीदवारों का ऐलान

*करनाल से अभिनेता संजय दत्त, गुरुग्राम से राज बब्बर, सोनीपत से सतपाल महाराज व हिसार से चंद्रमोहन बिश्नोई को उतारने की तैयारी।*

मोहन भारद्वाज ▶▶| रोहतक

2024 लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची का सस्पेंस आज खत्म हो सकता है। स्क्रीनिंग कमेटी ने प्रदेश की सभी 9 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल कर केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिए हैं। सबकुछ योजनानुसार रहा तो वीरवार को होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा फाइनल किए गए नामों पर मोहर लगने के बाद देर शाम तक उम्मीदवारों के नामों की घोषणा हो सकती है। स्क्रीनिंग कमेटी की लिस्ट में कुछ फेरबदल हुआ तो नाम की घोषणा के लिए एक से दो दिन का इंतजार भी करना पड़ सकता है। कांग्रेस की आज जारी होने वाली सूची में कई चौकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं। जिनमें फिल्म अभिनेता संजय दत्त, राज बब्बर, उत्तराखंड के कांग्रेस नेता सतपाल महाराज व पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के बेटे चंद्रमोहन बिश्नोई के नाम की सबसे अधिक चर्चा बनी हुई है। कुरूक्षेत्र सीट से आम आदमी पार्टी गठबंधन में सुशील गुप्ता को चुनाव मैदान में उतार चुकी है। जहां भाजपा से नवीन जिंदल व इनेलो से अभय सिंह चौटाला चुनाव मैदान में है। जजपा के उम्मीदवार का अभी इंतजार है।

## फिल्म अभिनेताओं पर दांव खेलने की तैयारी

*पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को घेरने के लिए करनाल से संजय दत्त व गुरुग्राम से राज बब्बर को उतारने की तैयारी है। संजय दत्त व राज बब्बर को उतारने में सफलता नहीं मिली तो करनाल से चाणक्य पंडित व गुरुग्राम से राव दान सिंह का नाम फाइनल माना जा रहा है। हालांकि करनाल से वीरेंद्र मराठा तथा गुरुग्राम से कैप्टन अजय यादव का नाम भी चर्चा में है।*

### रोहतक सीट पर दीपेंद्र एकमात्र दावेदार

*रोहतक सीट पर भले ही दीपेंद्र हुड्डा एकमात्र दावेदार हों, परंतु पार्टी यहां से भूपेंद्र हुड्डा को मैदान में उतारना चाहती थी। ताकि दीपेंद्र को राज्यसभा सीट से त्यागपत्र न देना पड़े। भूपेंद्र हुड्डा के तर्कों के बाद पार्टी दीपेंद्र के नाम पर सहमत हो गई है, परंतु अंतिम फैसला केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद ही होगा। दीपेंद्र को भले ही केवल 2019 में रेवाड़ी के कोसली विधानसभा में बड़े अंतर से पिछड़ने के कारण हार का मुंह देखना पड़ा हो, परंतु 2014 व 2019 के चुनाव में दीपेंद्र के वोट प्रतिशत में गिरावट आई थी। ऐसे में भूपेंद्र हुड्डा राव इंद्रजीत सिंह को गुरुग्राम में घेरकर चुनाव के दौरान रोहतक लोकसभा से दूर रखने का हरसंभव प्रयास करेंगे।*

### सोनीपत, फरीदाबाद व हिसार पर भी फोकस

2019 के चुनाव में सभी 10 सीटे हार चुकी कांग्रेस कम से कम पांच सीटें जीतकर वापसी का सपना देख रही है। सोनीपत में उत्तराखंड कांग्रेस के नेता सतपाल महाराज, हिसार से पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्र मोहन बिश्नोई पर दांव खेलने की तैयारी है। सतपाल महाराज से लगभग सहमति मिल चुकी है, परंतु चंद्रमोहन से सहमति का अभी इंतजार है। इससे पहले कांग्रेस को भाजपा से कांग्रेस में आए निवर्तमान सांसद बृजेंद्र सिंह के साथ उनके पिता पूर्व मंत्री बीरेंद्र सिंह को भी मनाना होगा। जो फिलहाल इतना आसान नहीं दिख रहा। दूसरे दावेदार जयप्रकाश के हुड्डा की राय से बाहर जाने की संभावना कम ही है। खास बात यह है कि चंद्रमोहन के नाम पर सैलजा व हुड्डा दोनों सहमत हैं। फरीदाबाद से पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल व महेंद्र प्रताप का नाम है, परंतु महेंद्र प्रताप को टिकट मिलना तय माना जा रहा है। भिवानी से श्रुति चौधरी, सिरसा से कुमारी सैलजा के नाम लगभग तय है। अंबाला से वरूण चौधरी व प्रदीप नरवाल के नाम चर्चा में है। प्रदीप नरवाल राहुल गांधी की आईटी टीम के सदस्य है तो वरूण चौधरी फिलहाल मुलाना से विधायक हैं।

पूरी खबर की जानकारी के लिए स्कैन करें

दिनभर की सियासी हलचल

## कांग्रेस टिकट की दौड़ में डॉ एलसी जोशी का नाम आया !

**नारनौल।** महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की टिकट घोषित होने का सबको इंतजार है, लेकिन पार्टी अभी जातिगत और क्षेत्रवार गुणा भाग में लगी हुई है। फिलहाल पूर्व सांसद श्रुति चौधरी व विधायक राव दानसिंह के बीच टिकट की रस्साकशी चल रही थी लेकिन अचानक से डॉ एलसी जोशी का नाम भी चर्चा में चल पड़ा है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एलसी जोशी जिला महेन्द्रगढ़ के गांव रातां कलां के निवासी हैं और अपने छात्र जीवन से ही कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पूर्व केंद्रीय मंत्री कैप्टन सतीश शर्मा के साथ भी काम किया हुआ है। पेशे से चिकिसक डॉ जोशी फिलहाल एक फार्मेसी कम्पनी के चेयरमैन हैं।


डा. एलसी जोशी

## दस वर्षों में मोदी सरकार ने बदला दिल्ली का स्वरूप

**चंडीगढ़।** देश की राजधानी दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर फिर से कमल खिलने जा रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की प्रबुद्धजनता ने पिछले दस वर्षों में देश की राजधानी के स्वरूप को बदलते हुए देखा है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव की रणनीति को लेकर हुई मैराथन बैठकों के उपरांत प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने यह बात कही। बुधवार को दिल्ली प्रदेश कार्यालय में दिनभर मैराथन बैठकों का दौर चला। बैठक में चुनाव सह -प्रभारी डॉ अलका गुर्जर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, संगठन महामंत्री पवन राणा, सातों लोकसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी, बांसुरी स्वराज, कमलजीत सहरावत,प्रवीण खंडेलवाल, रामवीर सिंह बिधूड़ी, हर्ष मल्होत्रा व योगेंद्र चंदोलिया, चुनाव प्रबंधन समिति सदस्य आदि मौजूद रहे।

प्रदेश की सबसे हॉट सीट कुरुक्षेत्र लोकसभा

# सर्वाधिक मतों से नायब सैनी तो सबसे कम अंतर से जीते मनोहर लाल सैनी

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र लोकसभा में हुए अब तक हुए चुनाव में भाजपा के नायब सिंह सैनी ने सबसे अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में नायब सिंह सैनी तीन लाख 84 हजार 591 मतों के अंतर से जीते थे। इस चुनाव में कांग्रेस के निर्मल सिंह को तीन लाख चार हजार 38 मत मिले थे। वही इस सीट से 1980 में जनता पार्टी से मनोहर लाल सैनी ने सबसे कम मार्जन से जीत हासिल की थी। मनोहर लाल सैनी ने 27929 मतों से जीत दर्ज की थी। वर्ष 1980 के चुनाव में मनोहर लाल सैनी ने 1 लाख 59 हजार 196 मत प्राप्त किए थे जबकि उनके प्रतिद्वंदी बिशन सिंह को 1 लाख 31 हजार 267 मत प्राप्त हुए थे। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट 1977 में अस्तित्व में आई। वर्ष 1977 में रघुबीर सिंह ने तीन लाख 22 हजार 164 मिले थे जबकि उनके प्रतिद्वंदी देवदत्त पूरी को 71 हजार 322 मत मिले थे। रघुबीर सिंह ने 2 लाख 50 हजार 842 मतों से जीत दर्ज की थी। इसके बाद वर्ष 1980 के चुनाव में मनोहर लाल 27929 मतों से जीते थे। वर्ष 1984 के चुनाव में हरपाल सिंह को दो लाख 75 हजार 112 मत प्राप्त हुए थे जबकि उनके प्रतिद्वंदी मनोहर लाल को एक लाख 31 हजार 836 मत प्राप्त हुए थे। हरपाल सिंह ने एक लाख 43 हजार 276 मतों से जीत दर्ज की थी। 1989 में गुरदयाल सिंह को तीन लाख एक हजार 640 मत मिले थे जबकि उनके प्रतिद्वंदी हरपाल सिंह को दो लाख 63 हजार 452 मत प्राप्त हुए थे। गुरदयाल सिंह ने 38 हजार 188 मतों से जीत दर्ज की थी। वही 1991 के चुनाव मं तारा सिंह को दो लाख 12 हजार 783 मत मिले थे जबकि उनके प्रतिद्वंदी श्याम सिंह को एक लाख 82 हजार 753 मत मिले थे। तारा सिंह ने तीस हजार 30 मतों से जीत दर्ज की थी।

## कुरुक्षेत्र लोस सीट 1977 में अस्तित्व में आई

*वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में नायब सिंह सैनी तीन लाख 84 हजार 591 मतों के अंतर से जीते थे। इस चुनाव में कांग्रेस के निर्मल सिंह को तीन लाख चार हजार 38 मत मिले थे। वहीं इस सीट से 1980 में जनता पार्टी से मनोहर लाल सैनी ने सबसे कम मार्जन से जीत हासिल की थी।*


नवीन जिंदल


अभय चौटाला


डॉ. सुशील गुप्ता

### कब कौन सांसद रहे


1977-80 जनता पार्टी से रघुबीर सिंह विर्क, 1980-84 जनता पार्टी से मनोहर लाल सैनी, 1984-89 कांग्रेस से सरदार हरपाल सिंह, 1989-91 जनता दल से गुरुदयाल सिंह सैनी, 1991-96 कांग्रेस से तारा सिंह, 1996-98 हरियाणा विकास पार्टी से ओपी जिंदल, 1998-99 इनेलो से कैलाशो सैनी, 1999-04 इनेलो से कैलोशो सैनी, 2004-2009 कांग्रेस से नवीन जिंदल, 2009-2014 कांग्रेस से नवीन जिंदल, 2014-19 भाजपा से राजकुमार सैनी, 2019 में भाजपा से नायब सिंह सैनी ने इस सीट पर जीत दर्ज की।

## आसान नहीं होगी कुरुक्षेत्र लोस से जीत की राह

**सूरज सहारण(कैथल)।** कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट अब प्रदेश की सबसे हॉट सीट बनकर उभरी है। जहां इंडिया गठबंधन और इनेलो ने पहले से ही अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतार दिया था तो वहीं अब भाजपा ने काफी समय बाद प्रसिद्ध उद्योगपति नवीन जिंदल को चुनावी दंगल में उतारा है। इसके साथ ही अभी जजपा प्रत्याशी के पते खुलने बाकी हैं। नवीन जिंदल को टिकट मिलने के बाद मुकाबला और रोचक हो गया है। बता दें कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र पर जिंदल परिवार काफी पुराना रिश्ता है। पहले नवीन जिंदल के पिता ओमप्रकाश जिंदल हविपा-भाजपा गठबंधन में हविपा के टिकट पर 1996 में सांसद रह चुके हैं। इसके आद स्वयं नवीन जिंदल वर्ष 2004 और 2009 में दो बार यहां से कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं। अब नवीन जिंदल के चुनावी रंग में कूदने से मुकाबला और रोचक हो गया है। ऐसे में मुख्यमंत्री नायब सैनी व सांसद नवीन जिंदल द्वारा यह कीला फतेह करना अब जरूरी हो गया है क्योंकि यह सीट स्वयं मुख्यमंत्री नायब सैनी के लिए भी प्रतिष्ठा का सवाल बनी हुई है, क्योंकि मुख्यमंत्री नायब सैनी वर्तमान में इसी लोकसभा क्षेत्र कुरुक्षेत्र से सांसद भी हैं। नवीन जिंदल के साथ साथ स्वयं मुख्यमंत्री नायब सैनी के लिए भी यह सीट प्रतिष्ठा का सवाल बनी हुई है क्योंकि मुख्यमंत्री स्वयं इसी कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से सांसद भी हैं। इसी प्रकार गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता के लिए भी यह सीट बहुत मायने रखती हैं।

गुरुग्राम लोकसभा सीट

# भाजपा से तीन गुणा तक ज्यादा मिले कांग्रेस को वोट इस बार बढ़ाने पर पूरा जोर


राव इन्द्रजीत सिंह।


कैप्टन अजय यादव


रईश खान।

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

गुरुग्राम लोकसभा सीट पर भाजपा ने एक बार फिर राव इंद्रजीत सिंह को मौका दिया है, जबकि कांग्रेस को प्रत्याशी के चयन पर अभी तक माथापच्ची करनी पड़ रही है। भाजपा के लिए इस सीट पर मेवात सबसे कमजोर कड़ी है, जबकि राव इस बार अपने दम पर इस क्षेत्र में खाता खोलने की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। 4 अप्रैल को मेवात में होने वाली उनकी जनसभा में उमड़ने वाली भीड़ काफी हद तक चुनाव परिणामों के संकेत देने वाली साबित होगी। पिछले चुनाव परिणामों पर नजर दौड़ाई जाए तो भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को मेवात के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी के मुकाबले करारी हार का सामना करना पड़ा था। दो सीटों पर तो कांग्रेस को भाजपा के मुकाबले दो-तिहाई से ज्यादा मत मिले थे, जबकि एक सीट पर दो गुणा से ज्यादा वोट कांग्रेस के खाते में गए थे। फिरोजपुर झिरका में राव इंद्रजीत सिंह को महज 19.15 मत मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अजय सिंह यादव 78.4 फीसदी वोट हासिल करने में कामयाब रहे थे। पुन्हाना हलके में भी हालात ऐसे ही बने थे। कैप्टन को इस हलके में 76.81 और राव को 20.81 फीसदी वोट मिले थे। नूंह हलके में राव को स्थिति अन्य दो हलकों की तुलना में थोड़ा ठीक रही थी। इस हलके से उन्हें 28.34 फीसदी वोट मिले थे। कांग्रेस को इस हलके में भी 67.94 फीसदी वोट मिले थे। राव ने गत लोकसभा चुनावों के बाद से ही मेवात की तीनों सीटों पर अपना व्यक्तिगत जनाधार बढ़ाने पर पूरा जोर दिया था।

### अहीरवाल पर स्वीप

**लगभग हर सीट पर मुकाबला एकतरफा रहा था**

राव इंद्रजीत सिंह को भले ही मेवात क्षेत्र में करारी हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन अहीरवाल की अन्य 6 सीटों पर उन्होंने क्लीन स्वीप किया था। मेवात को छोड़कर कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अजय सिंह यादव किसी भी हलके में जीत के करीब तक नहीं पहुंच पाए। लगभग हर सीट पर मुकाबला एकतरफा रहा था।

### बीएसपी का हर हलके में वोट

**रईस को कम वोट प्रतिशत मिले**

इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी ने गत लोकसभा चुनावों में रईश अहमद को चुनाव मैदान में उतारा था। भाजपा और कांग्रेस के बाद वह अकेले ऐसे प्रत्याशी रहे, जिन्हें हर विधानसभा क्षेत्र में वोट मिले। हालांकि उनका वोट प्रतिशत काफी कम रहा, लेकिन इनेलो और जेजेपी की तुलना में वह कहीं ज्यादा वोट हासिल करने में सफल रहे थे। सोहना में रईश को लगभग 4 फीसदी वोट मिले थे।

### गत लोस चुनावों में मिले हलका वाइज वोट

| हलका | भाजपा | कांग्रेस | बसपा |
|---|---|---|---|
| रेवाड़ी | 74.17 | 21.53 | 1.85 |
| बावल | 76.96 | 17.51 | 1.82 |
| पटौदी | 78.41 | 16.9 | 1.47 |
| बादशाहपुर | 76.92 | 17.53 | 2.52 |
| गुरुग्राम | 77.68 | 18.88 | 1.44 |
| सोहना | 58.39 | 34.91 | 4.0 |
| नूंह | 28.34 | 67.94 | 1.28 |
| फि.झिरका | 19.15 | 78.4 | 1.2 |
| पुन्हाना | 20.81 | 76.81 | 1.17 |

## आयोग ने चुनाव में गलत सूचना से निपटने को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'मिथ वर्सेस रियलिटी रजिस्टर' किया लॉन्च

**एक क्लिक पर मिलेगी विश्वसनीय और प्रमाणित चुनाव संबंधी जानकारियां**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि चुनावों के दौरान गलत सूचना के प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने आम चुनाव 2024 के मद्देनजर एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म मिथ वर्सेस रियलिटी रजिस्टर' लॉन्च किया है। यह एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है, जो निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जनता के लिए उपलब्ध है।



उन्होंने कहा कि यह पहल चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचना से बचाने के लिए ईसीआई के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। विश्व स्तर पर कई लोकतांत्रिक देशों में गलत सूचना और झूठी कहानियों के प्रसार के बढ़ती चिंता को देखते हुए निर्वाचन आयोग का यह प्रयास है कि मदाताओं को पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान सटीक और सत्यापित जानकारी मिले। उन्होंने बताया कि मिथ वर्सेस रियलिटी रजिस्टर' चुनाव अवधि के दौरान प्रसारित मिथक जानकारियां और झूठी खबरों को दूर करने के लिए तथ्यात्मक जानकारी के एक व्यापक भंडार के रूप में कार्य करेगा। इसे उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप में डिजाइन किया गया है, जो व्यापक रूप से ईवीएम/वीवीपीएटी, मतदाता सूची के संचालन और अन्य विषयों से संबंधित मिथक जानकारियों और गलत सूचनाओं के क्षेत्रों को कवर करता है।

## मेवात के बच्चों को अनपढ़ रखने का रच रहे षड्यंत्र : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, सीडब्ल्यूसी की सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार मेवात के बच्चों को अशिक्षित रखने का षड्यंत्र रच रही है। इन बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के लिए खोले गए मॉडल स्कूलों को बंद करने की साजिश रच रही है। शिक्षा विभाग में समायोजित करने के बाद भी इन स्कूलों के स्टाफ को कई माह तक तनख्वाह का इंतजार करना पड़ता है। कभी इन्हें नियुक्ति पत्र हासिल करने के लिए आवाज उठानी पड़ती है, तो कभी यूनिक आईडी के लिए संघर्ष करना पड़ता है।



## अलीगढ़ से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी विजेंदर का नामांकन करवाने पहुंचे हुड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विजेंदर सिंह का नामांकन करवाने पहुंचे। विजेंदर सिंह समाजवादी पार्टी की ओर से चुनाव मैदान में हैं। इस मौके पर हुड्डा के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज बब्बर, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान, पूर्व मंत्री जयप्रकाश, पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व विधायक करण सिंह दलाल और हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज भी मौजूद रहे। प्रतिक्रिया देते हुए हुड्डा ने अलीगढ़ से विजेंदर सिंह की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह हरियाणा में बीजेपी के विरुद्ध बदलाव की लहर चल रही है। इसी तरह की लहर उत्तर प्रदेश में भी महसूस की जा सकती है। जनता बीजेपी को हराकर इंडिया गठबंधन को जीतने का मन बना चुकी है। क्योंकि मौजूदा सरकार ने 2014 में किए गए वादों को अमलीजामा नहीं पहनाया।



सोनीपत लोकसभा **2004 को छोड़ किसी दल ने जींद के नेताओं पर नहीं लगाया दांव**

# तीन विधानसभा होने के बाद भी सोनीपत लोकसभा से जींद के नेताओं को नहीं लगाया गले

*सोनीपत लोकसभा में हार-जीत तय करने में जींद जिले की तीनों विस की रहती है अहम भूमिका*

सतेंद्र पंडित ▶▶| जींद

सोनीपत लोकसभा क्षेत्र का महत्पवूर्ण हिस्सा होने के बाद भी जिला जींद के नेताओं को अभी तक प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। जबकि जींद जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र सोनीपत लोस में आती है। जो सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के हार-जीत का फैसला तय करती है। सोनीपत लोकसभा सीट 1977 में बनी थी। सोनीपत सीट बने हुए 47 साल हो चुके है। अबतक 12 बार इस लोस सीट पर चुनाव चुके हैं। बावजूद इसके जिला जींद से कोई भी नेता सोनीपत लोस से सांसद नही बन पाया है। वर्ष 2004 के लोस चुनाव मे शामलो कलां निवासी कृष्णा मलिक पर इनेलो ने जरूर दाव खेला लेकिन मतदाताओ का साथ नही मिला। इसके अलावा अन्य किसी भी प्रमुख राजनीतिक दल ने जींद के नेता को इस लोस सीट पर नही उतारा। हालाकि जिले के नेता दावेदारी तो करते आ रहे हैं लेकिन किसी भी मुख्य पार्टी ने जिले के नेता को इस सीट पर मौका नहीं दिया। भाजपा ने सोनीपत लोस पर प्रत्याशी उतार प्रचार शुरू कर दिया है। अब कांग्रेस समेत दूसरे दलों से जुडे.जिला जींद के नेताओं के साथ-साथ तीनों विस मतदाताओं की नजर भी शेष बची राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों की घोषणा पर टिक है।

### सोनीपत लोस क्षेत्र से बने सांसद

| वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1977 | मुख्तियार मलिक | जनता पार्टी |
| 1980 | चौधरी देवीलाल | जनता पार्टी से |
| 1984 | धर्मपाल मलिक | कांग्रेस |
| 1989 | कपिल देव शास्त्री | जनता दल |
| 1991 | धर्मपाल मलिक | कांग्रेस |
| 1996 | अरविंद शर्मा | निर्दलीय |
| 1998 | किशन सिंह सांगवान | लोकदल |
| 1999 | किशन सिंह सांगवान | भाजपा |
| 2004 | किशन सिंह सांगवान | भाजपा |
| 2009 | जितेंद्र सिंह मलिक | कांग्रेस |
| 2014 | रमेश चंद्र कौशिक | भाजपा |
| 2019 | रमेश चंद्र कौशिक | भाजपा |

### विधानसभा वार मतदाता

| विस क्षेत्र | कुल मतदाता | पुरुष | महिलाएं |
|---|---|---|---|
| गन्नौर | 191121 | 102615 | 88506 |
| राई | 191895 | 103729 | 88166 |
| खरखौदा | 174106 | 93493 | 80613 |
| सोनीपत | 237334 | 123689 | 113645 |
| गोहाना | 189362 | 101193 | 88169 |
| बरोदा | 189362 | 100511 | 85204 |
| जींद | 193968 | 102872 | 91093 |
| जुलाना | 181227 | 98457 | 82769 |
| सफीदों | 190516 | 102786 | 87726 |
| **कुल मतदाता** | 1738891 | 839345 | 805891 |

### 2009 में जींद विस को सोनीपत लोस क्षेत्र के साथ जोड़ा गया

1977 मे सोनीपत लोकसभा के अस्तित्व मे आने के साथ जींद जिला के जुलाना तथा सफीदों विधान सभा को जोड़ा गया था। वर्ष 2009 मे जींद विधानसभा को भी सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के साथ जोड़ दिया गया। नौ विधानसभा क्षेत्र वाली लोस सीट मे छह विस क्षेत्र सोनीपत जिले के हैं। जबकि तीन विस क्षेत्र जिला जीद के आते है। जबकि राजनीतिक रूप से जीद की धरती राजनीति को दिशा तथा दशा देने का कार्य करती है।

### भाजपा ने शुरू किया प्रचार, दूसरे दलों का इंतजार


लोकसभा चुनाव की 25 मई को मतदान की तारिख घोषित हो चुकी है। भाजपा ने पार्टी प्रत्याशी घोषित कर सोनीपत लोस से मोहन लाल बडोली को मैदान मे उतारा हुआ है। जिन्होंने अपना प्रचार भी शुरू किया हुआ है। लेकिन अभी तक कांग्रेस, इनेलो, जजपा समेत अन्य दलो ने सोनीपत लोस पर अपना उम्मीद्वार नहीं उतारा है। जिसके चलते चुनावी माहौल भी नहीं गर्माया है। भाजपा से भी जिले के नेताओं ने सोनीपत लोस पर दावेदारी की थी।

सिरसा से भाजपा की राह में अनेक चुनौतियां

# भाजपा प्रत्याशी तंवर को वर्तमान एमपी सहित कई लोगों की नाराजगी का झेलना पड़ रहा विरोध

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

सिरसा लोकसभा सीट पर सबसे पहले भाजपा द्वारा घोषित किए गए उम्मीदवार अशोक तंवर की डगर उतनी आसान दिखाई नहीं पड़ रही। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्याशियों की सूची जारी करते समय जो परिस्थितियां थी, अब परिस्थितियां उसके विपरीत दिखाई पड़ रही हैं। किसी ओर राजनीतिक दल द्वारा अभी प्रत्याशियों की घोषणा न किए जाने के चलते मैदान में अभी एक ही खिलाड़ी है, इसके बावजूद लोग उस पर बाजी लगाने को तैयार नहीं है। हालात यह है कि जब से अशोक तंवर क्षेत्र के गांव-गांव जा रहे हैं, उन्हें मुखर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इस समय तंवर क्षेत्र में 3 तरह के लोगों का विरोध झेल रहे हैं। एक अपना, एक पार्टी का और एक वर्तमान विधायक व सांसद की कार्यप्रणाली का। बरहाल, लोग अभी कांग्रेस के उम्मीदवार का बड़ी उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल भाजपा ने वर्तमान सांसद सुनीता दुग्गल को किनारे कर आम आदमी पार्टी से आए अशोक तंवर को यहां से मैदान में उतारा। अशोक तंवर को टिकट मिलने के बाद मतदाता कांग्रेस उम्मीदवार के नाम का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।


अभी तक किसी और पार्टी ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया

### कुमारी सैलजा की पैतृक सीट मानी जाती

लोगों का मानना है कि अगर यहां से कुमारी सैलजा तंवर के सामने आती हैं तो तंवर के लिए यहां से सीट निकालना आसान नहीं होगा। कुमारी सैलजा की यह पैतृक सीट मानी जाती है और उनका यहां विरोध भी नहीं है जबकि तंवर की दल-बदल की छवि के चलते लोगों में उनके प्रति नाराजगी भी है। तंवर ने अपने कार्यकाल में भी यहां कोई खास काम नहीं करवाए। पिछले कई दिनों से तंवर लोकसभा चुनाव को लेकर गांव-गांव का दौरा कर रहे हैं। हालात यह है कि उन्हें करीब-करीब हर गांव में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें न केवल अपने कार्यकाल के दिनों को लेकर विरोध सहना पड़ रहा है बल्कि भाजपा का विरोध कर रहे किसानों से भी तंवर दो-चार हो रहे हैं। इतना ही नहीं, वर्तमान विधायक व सांसद की नाराजगी का नजला भी उन पर गिर रहा है। बीते दिन गांव चनकोठी, कारियां, अहलीसदर, अलीका, दादूपुर, हुकमावाली, हड़ौली सहित रतिया व कुलां में उन्हें किसानों का भारी विरोध सहना पड़ा। तंवर तीन दिन से रतिया क्षेत्र में दौरे पर है।




## खबर संक्षेप



पूंडरी। गांव फतेहपुर की बेटी गीतांशिका को सम्मानित करते यूनिवर्सिटी अधिकारी

### फतेहपुर की गीतांशिका ने किया केयू में टॉप

**पूंडरी।** गांव फतेहपुर की बेटी गीतांशिका ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में टॉप किया है। जयप्रकाश मुकुंद लाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रादौर में बीटेक कंप्यूटर साइंस की छात्रा और फतेहपुर निवासी गीतांशिका यूनिवर्सिटी में बीटेक कर रही थी, जिन्होंने जून 2023 में पेपर दिया था और दिसम्बर 2023 में उनका परीक्षा परिणाम घोषित हुआ था। मार्च 2024 में मेल आने पर उन्हें टॉप घोषित किया गया है, जिससे उनके कालेज, यूनिवर्सिटी और अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

### राज्यपाल दत्तात्रेय से मिले कुलपति प्रो. भारद्वाज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से हरियाणा राजभवन में महर्षि वाल्मिकी संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल के कुलपति प्रो. रमेश भारद्वाज ने शिष्टाचार मुलाकात की तथा राज्यपाल को विश्वविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल हरियाणा ने कुलपति को निर्देश दिए कि वे विश्वविद्यालय में मास जुलाई से प्रारंभ होने वाले नए शैक्षणिक सत्र में संस्कृत के साथ-साथ रोजगारपरक पाठ्यक्रम भी शामिल करें।

### मोटरसाइकिल की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड पर डवाना कट के पास सड़क पार करते समय बाइक की चपेट में आने से सातवीं कक्षा की छात्रा की मौत हो गई। बैरियावास निवासी कृष्ण की बेटी नितिशा राजकीय मॉडल संस्कृत स्कूल गढ़ी बोलनी में सातवीं कक्षा में पढ़ती थी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह घर लौट रही थी। डवाना कट के पास सड़क पार करते समय एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने उसे पायलट चौक पर एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### एमसीएम में आत्मचिकित्सा और ध्यान पर कार्यशाला

**चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ के महिला विकास सेल ने कॉस्मेटोलॉजी एंड ब्यूटी केयर ऐड-ऑन कोर्स के सहयोग से सेल्फ-हीलिंग एंड मेडिटेशन पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में समग्र उपचार और ध्यान पर सत्र शामिल थे।

### लाखों रुपये ठगी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये ठगने के मामले में आरोपी चंदाना गेट कैथल निवासी कौशल्या को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चंदाना गेट कैथल निवासी साहिल की शिकायत अनुसार उनकी कुलदीप ज्योतिषी के साथ जान पहचान थी। कुलदीप ने उसे चंडीगढ़ के नगर निगम में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया।

### मुख्यमंत्री ने छछरौली में आयोजित विजय संकल्प रैली में विपक्ष पर साधा निशाना

# घमंडिया गठबंधन के पास नहीं है नीति, नीयत और नेतृत्व : नायब

- मैं आप लोगों का भाई पहले और मुख्यमंत्री बाद में हूं : नायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि घमंडिया (इंडी) गठबंधन के पास ना तो नीति है और ना ही नीयत व नेतृत्व है। उन्होंने बुधवार को छछरौली में भाजपा द्वारा आयोजित विजय संकल्प रैली में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। मौके पर हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल व अंबाला लोकसभा की प्रत्याशी बंतो कटारिया समेत अन्य गणमान्य नेता मौजूद रहे। मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा के पास राष्ट्र को विकसित बनाने की नीति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा प्रभावशाली नेतृत्व है और देश को समृद्ध करने के लिए साफ नीयत है। जबकि कांग्रेस का लक्ष्य झूठ और भ्रम फैलाकर सत्ता प्राप्ति करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सत्ता के माध्यम से सेवा करना है। उन्होंने रैली में पहुंचे भारी जनसैलाब से गदगद होकर सभी से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लोग झूठी घोषणा करके लोगों से वोट ले लेते थे, लेकिन कांग्रेस के तीन-तीन कार्यकालों में भी लोगों के काम नहीं होते थे। चुनाव दर चुनाव कांग्रेस सिर्फ झूठे आश्वासन देकर लोगों को बरगलाती रही और वोट लेकर सत्ता का सुख भोगती रही। नायब सैनी ने उपस्थित जन समूह से अपील की कि एक-एक व्यक्ति अपना वोट देश के विकास के लिए डाले। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को अपनी गिरेबान में झांकना चाहिए कि देश का लोकतंत्र खत्म करके आपातकाल किसने लगाया था। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया। तब इंदिरा गांधी ने कोर्ट का आदेश मानने से इंकार कर दिया और देश में एमरजेंसी लगा दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही देश के लोकतंत्र को खतरे में डालने वाली पार्टी है। भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने उपस्थित लोगों से समर्थन मांगा व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रतन लाल कटारिया से जुड़ी स्वर्णिम यादों को सांझा किया।



यमुनानगर। छछरौली में आयोजित भाजपा की विजय संकल्प रैली में भाग लेते मुख्यमंत्री व अन्य नेता।

### भाजपा सरकार की नीति व नेतृत्व स्पष्ट

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा आलाकमान ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से नवीन जिंदल को कमल का फूल देकर भेजा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे नवीन जिंदल को भारी मतों से जीत दिलाने का कार्य करे। पिछली बार उन्हें जितना वोट दिया था, उससे दो गुना ज्यादा वोटो से नवीन जिंदल दिल्ली की लोकसभा में भेजना है। वे शाहबाद में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। सैनी ने कहा कि 10 वर्षों के अंदर भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य किए वो इससे पहले किसी भी सरकार ने नहीं किए। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीति भी स्पष्ट है व नेतृत्व भी स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के पास कोई नीति नही है और इनके नेतृत्व का तो कुछ पता ही नही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की समस्या का एक-एक करके समाधान किया। धारा 370 को हटाया।

## स्वागत...



**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता ने हरियाणा स्वास्थ्य विभाग और आयुष सहित अपने विभागों की बैठक हरियाणा सचिवालय में ली। बैठक से पहले अधिकारियों ने पहुंचकर उनको पुष्पगुच्छ भेंट किए और स्वागत किया। विभाग की अतिरिक्त निदेशक डा. वंदना दिसौदिया ने भी स्वागत किया।

### दुष्कर्मी हत्यारे को आजीवन कारावास, अंतिम सांस तक जेल में रहेगा

# कोर्ट ने की टिप्पणी, इंसान के वेष में राक्षस है हत्यारा, समाज के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एडिशनल सेंशन जज फास्ट ट्रैक कोर्ट पॉस्को सुखप्रीत सिंह की कोर्ट ने छह साल की बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म करने व हत्या करने के आरोपी ईश्वर पुत्र सतपाल निवासी कृष्णा गार्डन हुडा सेक्टर-25, पानीपत दोषी करार देते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं अदालत ने दोषी ईश्वर पर सवा लाख रुपये जुर्माना किया। कोर्ट ने ईश्वर को इंसान के वेश में राक्षस करार देते हुए उसे समाज के लिए खतरा बताया और कहा कि दोषी ईश्वर अपने जीवन की अंतिम सांस तक जेल में रहेगा।

#### यह है मामला

पानीपत के हुडा सेक्टर 29 थाना क्षेत्र में 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस पर उत्तर प्रदेश प्रवासी व्यक्ति की छह साल की बच्ची को चीज दिलवाने के बहाने किडनैप कर, उससे रेप किया गया, इसके बाद बच्ची की हत्या कर शव को गंदे नाले में फेंक गया। पुलिस शिकायत में पिता ने बताया कि उसकी बेटी अपने छोटे भाई के साथ फैक्ट्री के साथ लगते पार्क में खेलने गई थी। कुछ देर बाद बेटा उसके पास पहुंचा और बताया कि उसकी बहन को एक लड़का बिस्किट दिलवाने के बहाने उठाकर ले गया था। तलाश में लड़की सेक्टर 25 में गंदे नाले के पास झाड़ियों में अर्धनग्न अवस्था में मृत मिली। फैक्ट्री के सीसीटीवी कैमरे तो देखे तो लड़की को दोषी ईश्वर उठा कर ले जाता हुआ दिखाई दिया था। जोकि फैक्ट्री के ही नजदीक एक ढाबे पर काम करता था।

## आचार संहिता का असर

# अभी तक मंत्रियों की नेमप्लेट नहीं लगी

### मंत्रियों अभय सिंह यादव और कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा के अलावा बाकी के पास स्टाफ की स्थिति पूरी तरह से साफ नहीं है

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में नवगठित मंत्रीमंडल के मंत्रियों को शपथ लिए हुए तीन सप्ताह का वक्त बीतने जा रहा है। उनको भले ही कमरे और विभाग अलाट कर दिए गए हों लेकिन अभी तक भी स्टाफ की तैनाती को लेकर स्थिति साफ नहीं है, क्योंकि सभी के आफिस में बैठाए गए स्टाफ का लैटर आदि अभी भी जारी नहीं हो सका है।

इसके अलावा उनके कमरों पर भी अभी तक नेम प्लेट नहीं लगी है, अभी कागज पर प्रिंट निकालकर मंत्री का नाम लिखा गया है। कुल मिलाकर एक तो आचार संहिता की तलवार, ऊपर से अस्थाई तौर पर तैनात किए गए स्टाफ के पास जब खुद का लेटर नहीं है, तो कैसे कामकाज करेंगे? भरोसेमंद उच्च पदस्थ सूत्र बताते हैं कि इस बाबत कई मंत्रियों की ओर से मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद व सीपीएस सीएम से बातचीत की गई है। लेकिन अफसरों के सामने भी धर्मसंकट के हालात बने हुए हैं। खास बात यह है कि पहले चरण में शपथ लेने वाले और उसके एक सप्ताह बाद में पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ था। पहली बार में सीएम के अलावा पांच मंत्रियों ने शपथ ली थी। दूसरे चरण में यह कुनबा बढ़ गया था। मंत्रियों अभय सिंह यादव और कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा को छोड़ दें तो अभी तक बाकी के पास स्टाफ की स्थिति पूरी तरह से साफ नहीं है। जिसके कारण कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है। कुल मिलाकर अब इसकी चर्चा भी चलने लगी है कि उक्त मामले को लंबा क्यों लटकाया जा रहा है ?

#### मंत्रियों के स्टाफ में लगने के लिए मारामारी

मंत्रियों के स्टाफ में लगने के लिए लंबी लाइन है, दरअसल अपने रसूख और संबंधों के बल पर सचिवालय के स्टाफ द्वारा मंत्रियों से अपने अपने नामों के नोट बनवाए गए और कार्मिक विभाग के पास में भेज दिए गए। कई कई मंत्रियों के पास से तो दर्जनभर नाम भी भेज दिए गए हैं। इसमें पीएस (निजी सचिव) के अलावा निजी सहायक, डाटा एंट्री आपरेटर, अधीक्षक, सेवादारों सहित कई कई नाम भेजे गए हैं। तैनात करने वाले अफसर भी धर्मसंकट में हैं क्योंकि इतने सारे नामों में किसे भेजा जाए। बताया जा रहा है कि अब मंत्रियों से बही इस बारे में स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा जाएगा।

#### पुराने मंत्रियों के पास ही नेम प्लेट वाले कमरे

हरियाणा के नायब सिंह सैनी कैबिनेट में रिपीट हुए मंत्रियों के पास ही हरियाणा सिविल सचिवालय में कमरें हैं। वहीं उनके पास में स्टाफ भी पुराने वक्त से चला आ रहा है। सचिवालय के आठवें फ्लोर पर वरिष्ठ मंत्री कंवरपाल गुर्जर के पास में पुराना कमरा ही है। उनके पास में चला आ रहा स्टाफ भी पुराना है। इसी तरह से इसी फ्लोर पर डॉक्टर बनवारी लाल के पास भी पुराना दफ्तर और स्टाफ चल रहा है। वहां पर भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन मंत्रियों के नाम की प्लेट भी पुराने वक्त की लगी हुई हैं।

#### मुख्यमंत्री सैनी के नाम की लगी प्लेट

हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सैनी की नेम प्लेट सबसे पहले लगी है। हरियाणा सचिवालय के चौथे फ्लोर पर उनका ऑफिस है, जहां पर शपथ ग्रहण के अगले ही दिन प्लेट लगाई गई थी। कुल मिलाकर उनके मंत्रिमंडल में शपथ लेने वाले बाकी मंत्रियों के आफिस पर अभी तक भी कागज के प्रिंट निकालकर नाम लगाए गए हैं।

# सरप्लस जमीन मामले में जांच करेगी कमेटी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

#### 21 साल पहले लगाया गया था स्टे

पंचकूला बीड़ फिरोजड़ी समेत सात गांवों की 1396 एकड़ जमीन से जुड़ा यह विवाद है, जो राजा भगवंत सिंह की थी। यह जमीन सरप्लस एक्ट 1953 और 1972 के तहत थी। पूर्व आईएएस सुनील गुलाटी ने खुद और उनकी बहन के नाम 2002 के दौरान राजा व उनके वारिसों से 14 एकड़ जमीन खरीदी। 2003 के समय तत्कालीन कलेक्टर एग्रेरियन ने इन सभी सात गांवों की जमीन पर स्टे लगा दिया था, जिस कारण जमीन का इंतकाल नहीं हो पाया।

#### जमीन रजिस्ट्री से पहले रोक का मामला

- मंडलायुक्त के परिजनों द्वारा जमीन खरीदने की होगी जांच
- पी अमनीत कुमार के नेतृत्व में 4 सदस्यीय जांच कमेटी गठित
- मंडलायुक्त रेणु फुलिया के पति एसएस फुलिया व बेटे के नाम होनी थी रजिस्ट्री

पंचकूला में बेशकीमती जमीन को लेकर सरकार द्वारा रजिस्ट्री पर रोक लगाए जाने के बाद में अब इसकी जांच के लिए एक कमेटी का गठन कर दिया गया है। सात गांवों की सरप्लस जमीन (सेवानिवृत्त आईएएस अफसर, उसके बेटे) द्वारा सस्ती दरों पर खरीदने का मामला कई दिनों से तूल पकड़ता जा रहा है। जांच के लिए प्रदेश सरकार की ओर से दो वरिष्ठ आईएएस अफसरों की कमेटी का गठन कर दिया है।

अंबाला की मंडलायुक्त रेणु फुलिया ने इस जमीन पर करीब 21 साल पुराने स्टे को हटाने का आदेश जारी कर दिया था। इसके बाद इस सरप्लस जमीन का पंजीकरण कराने की कोशिश की गई। जिस रिटायर्ड आइएएस अधिकारी ने यह जमीन खरीदी, वो कोई और नहीं बल्कि मंडलायुक्त रेणु फुलिया के पति हैं।रेणु फुलिया के पति एसएस फुलिया और उनके बेटे ने जमीन हरियाणा सरकार के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी सुनील गुलाटी और शशि गुलाटी से खरीदी थी। एसएस फुलिया राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त के पद पर सेवानिवृत्त होने के बाद भी लगे हुए है। बताया जाता है कि जमीन का सौदा 11 करोड़ में हुआ था, जिसका पंजीकरण करीब सवा पांच करोड़ में किया जाना था। पंचकूला तहसीलदार को मंडलायुक्त के आदेश के बाद पंजीकरण के लिए आई जमीन पर जब शक हुआ तो उन्होंने डीसी को इसकी सूचना दी। फिर यह मामला एफसीआर एवं मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद के पास पहुंचा, जिसके बाद उन्होंने जमीन के पंजीकरण पर रोक लगा दी। मुख्यमंत्री सैनी ने जांच के लिए जो कमेटी बनाई है, उसमें आइएएस अमनीत पी कुमार को अध्यक्ष बनाया गया है।

### रेडक्रॉस समिति सदस्य नीलम ने शरीर दान करने की ली शपथ

**पंचकूला।** भारतीय रेडक्रॉस समिति जिला शाखा पंचकूला की आजीवन सदस्य , फर्स्ट एड व होम नर्सिंग ट्रेनर एवं सामाजिक कार्यकर्ता नीलम कौशिक ने पीजीआई चंडीगढ़ में शरीर दान करने की शपथ ली ताकि मेडिकल स्टूडेंट्स इस पर रिसर्च कर सके ।

- सामाजिक कार्यों की प्रेरणा देती है रेडक्रॉस समिति : नीलम

इससे पहले भी वे अंगदान की शपथ ले चुकी हैं उन्होंने बताया इन सबके पीछे रैड क्रॉस की प्रेरणा है। नीलम कौशिक ने कहा कि वह वर्ष 2006 से रैड क्रॉस द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों की सेवा करती आ रही है। इसके साथ-साथ वर्ष 2016 से प्राथमिक सहायता व ग्रह परिचर्या की लेक्चरर भी हैं। रेडक्रॉस के जरिए महाविद्यालयों, विद्यालयों और कैंपों में उन्होंने विद्यार्थियों और अध्यापकों को भी अंगदान व शरीर दान के लिए प्रेरित किया है।

# पहली बार आईजी/एसपी कान्फ्रेंस आज से 6 तक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- राष्ट्रीय सुरक्षा सहित कई अहम विषयों पर होगा मंथन
- डीजी शत्रुजीत कपूर सूरजकुंड में कान्फ्रेंस का करेंगे शुभारंभ

हरियाणा में पहली बार 4 अप्रैल से लेकर 6 अप्रैल तक फरीदाबाद में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय आईजी/एसपी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है।

इस कांफ्रेंस में हरियाणा पुलिस की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए अलग-अलग विषयों पर मंथन करते हुए बेहतर पुलिसिंग के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। इस राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ 4 अप्रैल को पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर फरीदाबाद के सूरजकुंड में करेंगे। इस कांफ्रेंस में हरियाणा के सभी एडीजीपी, आईजी, डीआईजी, एसपी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कान्फ्रेंस में पुलिस अधिकारियों को फिटनेस के लिए प्रेरित करने के लिए रोजाना शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी अलग-अलग प्रकार की गतिविधियां तथा योग क्रियाएं आयोजित करवाई जाएगी। इस दौरान पुलिसकर्मियों को शारीरिक तथा मानसिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य को लेकर अधिकारियों द्वारा अपने विचार रखे जाएंगे तथा उस पर मंथन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों का राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव तथा उनका आकलन करने को लेकर भी मंथन होगा। कान्फ्रेंस में हरियाणा में हिंसक अपराध, लोकसभा चुनाव तथा आदर्श आचार संहिता की पालना, पुलिस की भूमिका तथा इंटर एजेंसी कोऑर्डिनेशन आदि पर विशेषज्ञों द्वारा विचार रखे जाएंगे।

### कुरुक्षेत्र में मंदिर के पुजारी की गला रेतकर हत्या

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर तट पर स्थित श्रीदिगंबर जैन मंदिर के पुजारी की गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक पुजारी की पहचान करीब 75 वर्षीय हुकम चंद जैन निवासी टीकमगढ़ मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। चोरी करने आए बदमाशों का विरोध करने पर हुकम चंद जैन की गला रेतकर हत्या की गई है। श्रीदिगंबर जैन मंदिर के अंदर धर्मशाला बनी हुई है। धर्मशाला के एक कमरे में मंदिर के पुजारी हुकम चंद जैन पिछले तीन साल से रहते थे। वे दिन में नमकीन, बिस्कुट की रेहड़ी लगाकर सामान बेचते थे। रात्रि को रेहड़ी को धर्मशाला के कमरे के बाहर खड़ी कर देते थे। मंगलवार रात्रि चोरी करने की नीयत से बदमाश आए। बदमाशों ने रेहड़ी से सामान चोरी किया जिसका हुकम चंद जैन ने विरोध किया। इसी विरोध के चलते बदमाशों ने तेजधार हथियार से हुकम चंद जैन की गला रेतकर हत्या कर दी।

### मुख्य सचिव ने ड्रग की हर मूवमेंट को ट्रैक करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

# नकली दवा की बिक्री रोकने के लिए सख्ती से मॉनिटरिंग हो

- लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नकली व अवैध दवाईयों की बिक्री रोकने के लिए सख्ती से मॉनिटरिंग की जाए तथा विशेषकर ड्रग की हर मूवमेंट को ट्रैक किया जाए।

ड्रग ऑफिसर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कार्रवाई करें ताकि कोई घटना न हो सके। मुख्य सचिव चंडीगढ़ में 7 वीं राज्य स्तरीय नार्को कोर्डिनेशन कमेटी की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिलों में प्राइवेट एजेंसी, स्वयं सेवी संगठनों के सहयोग से नशा मुक्ति केन्द्र चलाए जाए ताकि जिन क्षेत्रों में केन्द्र नहीं हैं उनमें लोगों को नशे से निजात दिलवाई जा सके। उन्होंने कहा कि ड्रग से मुक्ति दिलाने के लिए चालान, टेस्टिंग पर फोकस किया जाए और युवाओं को सचेत एवं जागरूक करने के लिए स्कूल एवं कालेज स्तर पर भी विशेष फोकस रखा जाए। इसके अलावा जिला स्तर पर हर तीसरे माह एनकॉर्ड की मीटिंग नियमित रूप से की जाए। बैठक में मुख्य सचिव को अवगत करवाया गया कि नशे के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए चलाई जा रही हरियाणा उदय योजना के तहत एंटी ड्रग कार्यक्रम में वार्ड, पंचायत व गांवों को ड्रग फ्री बनाने का कार्य किया जा रहा है। गत वर्ष के दौरान राज्य में लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए 1879 कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 14 लाख 23 हजार 410 लोगों ने भाग लिया।

#### चुनाव में नियमित रूप से डाटा शेयर करें अधिकारी

मुख्य सचिव ने लोकसभा चुनाव को लेकर भी सभी उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से विस्तार से बातचीत की और आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना केन्द्रों की तैयारी एवं उनकी निगरानी सुनिश्चित करने को भी कहा। इसके अलावा चुनाव के दौरान नियमित रूप से डाटा शेयर करने और सभी आवश्यक सूचनाएं समय पर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी व्यक्तिगत स्तर पर पूरी मुस्तैदी, जिम्मेवारी एवं दायित्व के साथ अपने कर्तव्य को निभाएं। उन्होंने कहा कि विशेषकर राज्य की सीमाओं पर नाकाबंदी में किसी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही नहीं होनी चाहिए।

#### 6510 लोग गिरफ्तार

एंटी ड्रग गतिविधियों पर एक्शन लेते हुए 4681 केस दर्ज कर 6510 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा एनडीपीएस एक्ट के तहत 801 दोषियों पर केस तय हुए जिनकी 13.09 करोड़ रुपए की सम्पति जब्त की गई और नशीले पदार्थो की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के 31 अवैध कब्जो को डिमोलिश किया गया।

एंटी ड्रग कार्यक्रम के तहत राज्य के नशा मुक्ति केन्द्रों की लगातार जांच की जा रही है तथा प्रहरी एप के माध्यम से 7523 नशा करने वाले व्यक्तियों की पहचान की गई जिन्हें नमक लोटा अभियान के माध्यम से नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# स्वास्थ्य मंत्री की बेटी ऋचा गुप्ता ने एवरेस्ट बेस कैंप पर तिरंगा फहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार की बेटी ऋचा गुप्ता ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए माउंट एवरेस्ट बेस कैंप पर तिरंगा झंडा फहरा कर न केवल हिसार का पूरे राष्ट्र का नाम प्रकाशमान किया है। पिता हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व माता डॉ. प्रतिमा गुप्ता व दादी अपनी बिटिया पर इस साहसिक कार्य पर गौरवान्वित महसूस कर रहे है। वर्ष 1982 में हिसार में जन्मी प्रारम्भिक शिक्षा विद्या देवी जिंदल स्कूल व कैम्पस स्कूल में हुई। वे बचपन से ही बहुत ही मेधावी और साहसी रही है। उनकी यश पताका पूरे देश मे फहराएगी इसके लक्षण उनमें बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। उन्होंने कम्प्यूटर इंजीनियरिंग की शिक्षा भिवानी से प्राप्त की। एमबीए जमशेदपुर से की। 2008 में वे परिणय सूत्र में बंध गई। आज कल वे अमेरिका के न्यूजर्सी सिटी में अपने पति के साथ निवास कर रही है। शहर की जनता भी अपनी बेटी पर गर्व की अनुभूति कर रही है।



बेस कैंप पर झंडा फहराती ऋचा गुप्ता।


INDUS GLOBAL ACADEMY
विद्या ददाति विनयम्
Indus Global Academy
Day Scholar /Day Boarding Cum Residential School
Limited Seats, Hurry Up!
ADMISSIONS
IN PROGRESS
For Nursery to IX & XI
For Registration Scan QR Code
Shooting
Table Tennis
Basket Ball
Boxing
Archery
Karate
Sculpture
Art & Craft
Music
Dance
Oratory
Smart AC Classroom
AC Hostel
Hygienic Food
Night Study in Hostel
Obstacle Course
Campus based Faculty
AC Hostel & AC Smart Classrooms
Latest Sports Infrastructure
Defence Wing for NDA / SSB Preparation
Safe & Distraction Free Campus
A School without need of tuition
Day Boarding option
TRANSFORMING YOUNG MINDS INTO NATIONAL ASSETS
NH- 352, Rohtak-Jind Road, Kinana (Jind)
9728704032, 9997991190
www.indusglobalacademy.in
igakinana@gmail.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| दिल्ली | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
203 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

**बाउंड्री मीटर**

408 चौके
270 छक्के

## खबर संक्षेप



### शीर्ष जेसिका पेगुला की संघर्षपूर्ण जीत

**चार्ल्सटन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हमवतन अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा को 3-6, 6-4, 7-6 (3) से हराया। पेगुला ने मैच में सात ऐस लगाए थे और 15 में से केवल 4 ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाने के बावजूद जीत हासिल की। अनिसिमोवा ने 8 में से 4 ब्रेक प्वाइंट को भुनाया। तीसरी वरीयता प्राप्त मारिया सकारी भी बुल्गारिया की विक्टोरिया टोमोवा को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गईं, जबकि पोलैंड की मैग्डा लिनेट ने दूसरे दौर के मैच में बुल्गारिया की दयाना यास्त्रेम्स्का को 0-6, 6-4, 6-3 से हराया।

### चोटिल शिवम मावी आईपीएल से बाहर



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज शिवम मावी पसली की चोट से उबरने में नाकाम रहे और इस कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में नहीं खेल पाएंगे। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना अंतिम प्रतिस्पर्धी मैच पिछले साल अगस्त में खेला था। वह उत्तर प्रदेश की तरफ से घरेलू सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन वह लखनऊ सुपर जाइंट्स के सत्र से पहले लगाए गए अभ्यास शिविर में शामिल हुए थे। मावी पिछले साल अगस्त में चोटिल हो गए थे। लखनऊ की फ्रेंचाइजी ने कहा, 'यह प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज नीलामी के बाद हमसे जुड़ गया था और हमारे सत्र पूर्व लगाए गए शिविर का हिस्सा था। वह इस सत्र के लिए हमारी टीम का अहम हिस्सा था, इसलिए हम और शिवम दोनों निराश हैं कि उनका सत्र इतनी जल्दी खत्म हो गया।'

### अनमोल कजाकिस्तान चैलेंज के प्री क्वार्टर फाइनल में



**अस्ताना।** भारत की युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने हमवतन मालविका बांसोड़ की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल ने मालविका को 59 मिनट तक चले मैच में 21-13, 22-20 से पराजित किया। विश्व में 333वें नंबर की खिलाड़ी अनमोल अगले दौर में इंडोनेशिया की 21 वर्षीय खिलाड़ी नुरानी रातू अज़ाहरा से भिड़ेंगी।

# मयंक की गति और सटीक गेंदबाजी से काफी प्रभावित हैं रबाडा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मयंक यादव की तेज गति और सटीक गेंदबाजी से बेहद प्रभावित दक्षिण अफ्रीका और पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा इस तेज गेंदबाजी सनसनी को टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में 'संभावित चयन' के रूप में देखते हैं।

दिल्ली का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी हर मैच में गति के नए कीर्तिमान बना रहा है और मंगलवार की रात उसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। उन्होंने अपने पहले सत्र में लगातार दूसरी बार मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता जिससे लखनऊ सुपर जाइंट्स को शानदार जीत मिली। रबादा की टीम पंजाब किंग्स को पिछले हफ्ते मयंक की शॉर्ट-पिच गेंदों की बौछार का सामना करना पड़ा था जब पदार्पण करने वाले इस खिलाड़ी ने तीन विकेट चटकाए थे। खेल के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से रबादा की सटीक गेंदबाजी पर बात की।

### मंयक के पास जो है उसे आप खरीद नहीं सकते

रबादा ने कहा, 'उसके पास कुछ ऐसा है जिसे आप खरीद नहीं सकते और वह है उसकी गति। वह इसका फायदा उठा रहा है और काफी अच्छी तरह ऐसा कर रहा है।' उन्होंने कहा, वह जिस लेंथ से गेंदबाजी करता है, उसकी योजना स्पष्ट है और अब बल्लेबाजों को इसका पता चल जाएगा कि वह क्या कर सकता है।



### गति और बेहतर नियंत्रण

रबाडा ने कहा, 'उसके पास गति और नियंत्रण है और वह अपनी भूमिका को समझता है। इसलिए जब आपके पास स्पष्टता है तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वह इस तरह का प्रदर्शन कर रहा है।'

### प्रदर्शन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

मयंक ने आईपीएल में केवल दो मैच खेले हैं लेकिन अमेरिका और कैरेबिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में उनके संभावित चयन को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है और रबादा को भी लगता है कि उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### पंजाब किंग्स के प्रति प्रतिबद्ध

आईपीएल 2024 काफी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि यह जून में टी20 विश्व कप से पहले होगा जहां रबादा दक्षिण अफ्रीका को पहला आईसीसी खिताब दिलाने की कोशिश करेंगे। लेकिन इससे पहले वह इस सत्र में पंजाब किंग्स के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

### मेरा लक्ष्य प्रत्येक मैच खेलना

रबादा ने कहा, 'मेरा लक्ष्य प्रत्येक मैच खेलना है और इस आईपीएल में प्रत्येक मैच के लिए खुद को उपलब्ध रखना है। बाकी कोच और प्रबंधन पर निर्भर है।' रबादा ने कहा, अगर विश्व कप के लिए चुना जाता हूं तो मैं इसमें शामिल होना पसंद करूंगा।

# सुनील की धमाकेदार पारी केकेआर ने दिल्ली को रौंदा

**लगातार तीसरी जीत कैपिटल्स को 106 रन से हराया**

**नारायण-अंगकृष की फिफ्टी, वरुण-वैभव को 3-3 विकेट**

भाषा ▶▶| विशाखापत्तनम

सुनील नारायण की आक्रामक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 106 रन से हराया। नारायण के 39 गेंद में 85 और अंगकृष रघुवंशी के 27 गेंद में 54 रन की मदद से केकेआर ने सात विकेट पर 272 रन बनाये और आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर के रिकॉर्ड की बराबरी करने से पांच रन से चूक गई।

- नारायण ने 39 गेंद में 85 और रघुवंशी ने 27 गेंद में 54 रन बनाए
- केकेआर ने 7 विकेट पर 272 रन बनाए

दिल्ली की टीम बल्ले और गेंद दोनों से मैच में कहीं नजर ही नहीं आई। कप्तान ऋषभ पंत ने लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने भी 54 रन की पारी खेली लेकिन इनके अलावा कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका और पूरी टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर सिमट गई। पंत और स्टब्स ने 93 रन की साझेदारी की लेकिन तब तक बीस रन प्रति ओवर की दर से रन बनाने थे। केकेआर के लिये वैभव अरोरा ने तीन विकेट लिये जबकि उसके सबसे महंगे खिलाड़ी मिचेल स्टार्क ने पावरप्ले में ही सफलता दिलाई। दिल्ली की टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिली और विकेट लगातार गिरते रहे। इससे पहले अपना आक्रामक फॉर्म जारी रखते हुए नारायण ने दिल्ली के सभी गेंदबाजों की धुनाई की। उन्होंने 39 गेंद में सात छक्कों और सात चौकों की मदद से 85 रन बनाये। दिल्ली ने उन्हें 53 के स्कोर पर जीवनदान दिया जो महंगा साबित हुआ और नारायण ने टी20 क्रिकेट में अपना सर्वोच्च स्कोर बना डाला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ अपने पहले आईपीएल मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिलने के बाद रघुवंशी ने 27 गेंद में 54 रन बनाये। नारायण और रघुवंशी ने 48 गेंद में 104 रन की साझेदारी की।

आंद्रे रसेल ने 19 गेंद में 41 और रिंकू सिंह ने आठ गेंद में 26 रन बनाये। दिल्ली के गेंदबाजों ने टीम के इतिहास में किसी मैच में सबसे ज्यादा रन गंवाये। केकेआर के बल्लेबाजों ने 18 छक्के और 28 चौके जड़े। नारायण ने खलील अहमद को डीप प्वाइंट पर पहला चौका लगाया। उन्होंने ईशांत शर्मा के चौथे ओवर में तीन छक्के और दो चौके समेत 26 रन बंटोरे। दूसरी ओर फिल साल्ट को डेविड वॉर्नर से जीवनदान मिला लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा सके और अगली गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद 18 वर्ष के अंगकृष मैदान पर उतरे और पहली ही गेंद पर चौका लगाया। दूसरी गेंद को भी उन्होंने सीमारेखा पर पहुंचाया। दिल्ली के गेंदबाज इन दोनों बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके। नारायण और अंगकृष लगातार दो ओवरों में आउट हुए लेकिन उसके बाद रसेल ने रनों का प्रवाह जारी रखा।





### कोलकाता नाइट राइडर्स

| | |
|---|---|
| फिल साल्ट का स्टब्स बो नॉर्किया | 18 |
| सुनील नारायण का पंत बो मार्श | 85 |
| अंगकृष रघुवंशी का शर्मा बो नॉर्किया | 54 |
| आंद्रे रसेल बो शर्मा | 41 |
| श्रेयस अय्यर का स्टब्स बो अहमद | 18 |
| रिंकू सिंह का वॉर्नर बो नॉर्किया | 26 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 5 |
| रमनदीप सिंह का साव बो शर्मा | 2 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : 22 रन
**कुल योग** : 20 ओवर में सात विकेट पर 272 रन
**विकेट पतन** : 1-60, 2-164 , 3-176 , 4-232 , 5-264, 6-264 , 7-266
**गेंदबाजी** : खलील 4-0, 43-1, ईशांत 3-0, 43-2, नॉर्किया 4-0, 59-3, सलाम 3-0, 47-0, सुमित 2-0, 19- 0, अक्षर 1-0, 18-0, मार्श 3-0, 37-1

### दिल्ली कैपिटल्स

| | |
|---|---|
| डेविड वॉर्नर बो स्टार्क | 18 |
| पृथ्वी साव का वरूण बो अरोरा | 10 |
| मिचेल मार्श का रमनदीप बो स्टार्क | 0 |
| अभिषेक पोरेल का नारायण बो अरोरा | 0 |
| ऋषभ पंत का अय्यर बो वरूण | 55 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का स्टार्क बो वरूण | 54 |
| अक्षर पटेल का पांडे बो वरूण | 0 |
| सुमित कुमार का पांडे बो नारायण | 7 |
| रसिख सलाम का साल्ट बो अरोरा | 1 |
| एनरिच नॉर्किया का अय्यर बो रसेल | 4 |
| ईशांत शर्मा नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : 16 रन
**कुल योग** : 17 . 2 ओवर में 166 रन
**विकेट पतन** : 1-21, 2-26, 3-27 , 4-33 , 5-126 , 6-126 , 7-159 , 8-159 9-161
**गेंदबाजी** : स्टार्क 3-0, 25-2, अरोरा 4-0, 27-3, रसेल 1.2-0, 14-1, नारायण 4-0, 29-1, चक्रवर्ती 4-0, 33-3, अय्यर 1-0, 28-0

# पंजाब के बल्लेबाजों के सामने आज गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती





एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है।

**गेंदबाजों का जवाब नहीं:** पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे।

**बॉडी लाइन गेंदबाजी कर रहे:** मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

**लिविंगस्टोन रहेंगे अनुपलब्ध :** पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं।


# श्रीलंका ने बांग्लादेश को किया क्लीन स्वीप

## दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से दी मात

एजेंसी ▶▶| चटगांव

तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिये जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया।

श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा। श्रीलंका ने इससे पहले टी20 श्रृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे श्रृंखला में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए। कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए।



### सुमित नागल मराकेश ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हारे

**मराकेश (मोरक्को)।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल मराकेश ओपन के पुरूष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 95वें स्थान पर काबिज नागल को इटली के लोरेंजो सोनेगो ने 1-6, 6-3, 6-4 से हराया। जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में पहुंचने वाले नागल दूसरे दौर में हार गए थे। उसके बाद उन्होंने चेन्नई ओपन जीता लेकिन वहां खिताब जीतने के बाद से सिर्फ एक बार बेंगलुरू चैलेंजर के सेमीफाइनल तक पहुंच सके। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती की जोड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के बार्ट स्टीवेंस और यूनान के पेट्रोस सिटसिपास को 6-3, 6-4 से हराया।

## इंग्लिश प्रीमियर लीग



**नॉटिंघम।** इंग्लैंड के सिटी ग्राउंड में मंगलवार को नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट और फुलहम के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच के दौरान अपनी टीम के लिए दूसरा गोल करने के बाद नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट क्रिस वुड (बाएं) टीम के साथी मॉर्गन गिब्स-व्हाइट के साथ जश्न मनाते हुए।

**भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान है सिंह**

# हार्दिक ने करियर को दिशा देने का श्रेय जुगराज को दिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप कप्तान हार्दिक सिंह को अगर अपने मामा और भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह से समय पर सलाह नहीं मिलती तो वह 2017 में ही नीदरलैंड चले जाते जब वह राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी।

पंजाब के जालंधर के समीप खुसरोपुर गांव के रहने वाली मिडफील्डर हार्दिक ने कहा कि अगर उनके मामा जुगराज उन्हें एकाग्र रहने के लिए प्रेरित नहीं करते तो वह भारत के लिए खेलने का अपना सपना छोड़ने की कगार पर थे।



### 14 साल की उम्र में हॉकी एकाडमी से जुड़ा

हार्दिक ने विशेष बातचीत में कहा, '14 साल की उम्र में मोहाली हॉकी अकादमी से जुड़ने के बाद मैं सब-जूनियर स्तर से सीनियर स्तर तक अच्छी गति से आगे बढ़ा। लेकिन कुछ वर्षों के बाद, मैंने खुद को ऐसी स्थिति में पाया जहां मैंने आत्मविश्वास खो दिया था क्योंकि राष्ट्रीय शिविर के लिए नजरअंदाज किया जा रहा था।'

### क्लब हॉकी खेलने नीदरलैंड जाने वाला था

हार्दिक ने कहा, 'उस समय, 2017 में, मैंने क्लब हॉकी खेलने के लिए नीदरलैंड में स्थानांतरित होने के बारे में सोचा था। मैंने भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद छोड़ दी थी। अगर जुगराज उस समय मेरा मार्गदर्शन नहीं किया होता तो मैं यहां नहीं होता। जब आप अच्छा कर रहे होते हैं तो आपको अच्छे मार्गदर्शन की जरूरत होती है।'

### खेल में सुधार करने की सलाह दी

हार्दिक ने कहा, 'उन्होंने मुझे देश में हॉकी को और अधिक देखने तथा अपने खेल में सुधार करने की सलाह दी। उस समय मैं 18-19 साल का था इसलिए मैंने सोचा कि स्वयं को कुछ और समय दिया जाए।' उन्होंने कहा, उन्होंने (जुगराज) मुझसे कहा कि उम्र आपके पक्ष में है। आपके पास खेल है, आप भारत में रहकर भी चमक सकते हैं।

# निकहत, मनिका और श्रीशंकर को मिली वित्तीय सहायता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मुक्केबाज निकहत जरीन, लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर, टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और शॉटगन निशानेबाज भवानीश मेंदीरता सहित कई शीर्ष खिलाड़ियों के विदेश में अभ्यास करने के लिए वित्तीय सहायता के आग्रह को खेल मंत्रालय ने बुधवार को यहां बैठक में मंजूरी दी। मुक्केबाज निकहत, प्रीति पवार, प्रवीण हुडा और लवलीना बोर्गोहेन अपने कोच और फिजियो के साथ विशेष अभ्यास शिविर के लिए तुर्की की यात्रा करेंगे।

पहलवान सुजीत (65 किग्रा), दीपक पूनिया (86 किग्रा) और नवीन (74 किग्रा) अप्रैल में एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले अभ्यास के लिए रूस जाएंगे। सभी सहायता मंत्रालय के लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के तहत प्रदान की जा रही है। पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले शॉटगन निशानेबाज मेंदीरत्ता बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप के लिए निजी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ अभ्यास के लिए इटली जाएंगे, जबकि एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता श्रीशंकर सुजोउ और दोहा में डायमंड लीग में भाग लेंगे।

## चिंतन

# वाणिज्यिक तेल भंडार से ऊर्जा सुरक्षा और बढ़ेगी

एक तरफ जहां भारत वैकल्पिक और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से नीतिगत और औद्योगिक कदम बढ़ा रहा है, वहीं ऊर्जा सुरक्षा व निर्भरता हासिल करने के लिए वह अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक कच्चा तेल भंडारण भी बनाने जा रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने के लिए किफायती व प्रचूर ऊर्जा उपलब्धता जरूरी है। भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। भारत दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है। सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। सरकार की योजना कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने की है। आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन), कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए एसपीएम (सिंगल पॉइंट मूरिंग) और संबद्ध पाइपलाइन (तट पर और अपतटीय) का निर्माण शामिल हैं। पहले चरण के तहत भंडारण का निर्माण सरकारी खर्च पर किया गया है। पादुर-दो का निर्माण पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मॉडल में किया जाएगा। इसमें निजी इकाइयां भंडारण का डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण और परिचालन करेंगी। पादुर-दो का संचालक तेल भंडारण की इच्छुक किसी भी तेल कंपनी को भंडारण क्षेत्र पट्टे पर देगा और उसके लिए शुल्क लेगा। तेल का भंडारण करने वाली कंपनियां इसे घरेलू रिफाइनरी कंपनियों को बेच सकती हैं, लेकिन आपात स्थिति में तेल के इस्तेमाल पर पहला अधिकार देश का होगा। भारत अपनी 85 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है। ऐसे में आपूर्ति में व्यवधान या युद्ध जैसी किसी भी आपातकालीन स्थिति में रणनीतिक भंडार का उपयोग किया जा सकेगा। अमेरिका, चीन, जापान, यूके आदि देश भी इमरजेंसी की स्थिति के लिए तेल का भंडारण करते हैं। भारत के पास रणनीतिक तेल भंडार बहुत पहले से है और वो काफी सुदृढ़ है। इससे समय समय पर तेल की आपूर्ति भी बाजार को की गई है। स्ट्रेटेजिक के साथ वाणिज्यिक तेल का भंडारण करना सरकार की अनूठी पहल है। सरकार व निजी कंपनियां मिल कर कच्चे तेल का एक भंडार अपने पास रखती हैं, इसका इस्तेमाल इमरजेंसी में किया जाता है। जैसे युद्ध या प्रतिबंध जैसे हालात। इसी भंडार को रणनीतिक तेल भंडारण कहा जाता है। 1973 के तेल संकट के बाद भविष्य में इस तरह के संकटों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की स्थापना की गई थी, इसके सभी सदस्य देशों के लिए 90 दिनों का तेल का भंडार रखना अनिवार्य है। भारत के पास आपात स्थिति से निपटने के लिए करीब 3.7 करोड़ बैरल कच्चे तेल का भंडार है।

# रेपो दर यथावत रहने के आसार



मौद्रिक समीक्षा
सतीश सिंह

**जनवरी 2024 में खुदरा महंगाई 5 .10 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि दिसंबर 2023 में यह 5 .69 प्रतिशत के स्तर पर थी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा जो 4 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक या 2 प्रतिशत कम है के अंदर है। बावजूद इसके इस दर को तेज विकास के लिए उत्साहजनक नहीं माना जा सकता है। लिहाजा, रिजर्व बैंक 5 अप्रैल 2024 को पेश किए जाने वाले मौद्रिक समीक्षा के साथ-साथ जून 2024 की मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर को यथावत रख सकता है, क्योंकि अभी भी भारत में महंगाई का स्तर संतोषजनक नहीं है और यह विकास की राह में एक बड़ा रोड़ा है।**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 12 मार्च 2024 को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के ताजे आंकड़े जारी किए, जिसके अनुसार फरवरी 2024 में खुदरा महंगाई मामूली रूप से घटकर 5.09 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले 4 महीनों का सबसे निचला स्तर है। जनवरी 2024 में खुदरा महंगाई 5.10 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि दिसंबर 2023 में यह 5.69 प्रतिशत के स्तर पर थी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा जो 4 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक या 2 प्रतिशत कम है के अंदर है। बावजूद इसके इस दर को तेज विकास के लिए उत्साहजनक नहीं माना जा सकता है।

किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग घट जाती है। फिर, उनकी बिक्री कम हो जाती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। फलतः आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं एवं विकास की गति बाधित होती है। दुनिया के अधिकांश देशों में अभी भी महंगाई दर बहुत ही ज्यादा है, वहीं कुछ देशों में महंगाई के स्तर में कमी आई है, जिसका मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कमी आना और आपूर्ति श्रृंखला के राह की बाधाओं में कमी आना है। वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार दुनिया के कुछ देशों में महंगाई 100 प्रतिशत से 250 प्रतिशत तक है। अर्जेन्टीना दुनिया में सबसे ज्यादा महंगा देश है, जहां महंगाई दर 254 प्रतिशत है। वहीं, लेबनान दूसरे स्थान पर है, जबकि वेनेजुएला तीसरे स्थान पर है। पाकिस्तान 28.3 प्रतिशत महंगाई दर के साथ दुनिया के शीर्ष 10 देशों में शामिल है, जबकि बांग्लादेश में महंगाई दर 9.86 प्रतिशत है।

हालांकि, विकसित देशों में महंगाई दर में कमी आ रही है। इंग्लैंड में महंगाई दर 4.0 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका में यह 3.1 प्रतिशत है। फ्रांस में भी महंगाई दर 3.1 प्रतिशत है और जापान में यह 2.6 प्रतिशत है। वहीं, थाईलैंड में दुनिया में सबसे कम महंगाई दर माइनस 1.11 प्रतिशत है,जबकि चीन में महंगाई दर माइनस 0.8 प्रतिशत है, जो कम महंगाई दर के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। भारत कम महंगाई के मामले में दुनिया में 17वें स्थान पर है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 13 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार रही थी। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रही थी। फिर, 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर 4 प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बनी रही थी। वित्त वर्ष 2024-




25 में राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी हुई है और आगामी महीनों में भी कर और गैर कर राजस्व संग्रह में तेजी आने की संभावना है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह भी विगत 6 महीनों से लगातार 1.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर के स्तर पर बना हुआ है, इसलिए माना जा रहा है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान केंद्र सरकार उधारी कम लेगी।

लिहाजा, रिजर्व बैंक 5 अप्रैल 2024 को पेश किए जाने वाले मौद्रिक समीक्षा के साथ-साथ जून 2024 की मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर को यथावत रख सकता है, क्योंकि अभी भी भारत में महंगाई का स्तर संतोषजनक नहीं है और यह विकास की राह में एक बड़ा रोड़ा है। दो अप्रैल को जारी की गई एचएसबीसी इंडिया पीएमआई आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण आंकड़ा मार्च 2024 में 59.1 के स्तर पर पहुंच गया है, जो विगत 16 सालों यानी 2008 के बाद का उच्चतम स्तर है। फरवरी महीने में यह 56.9 के स्तर पर रहा था। अक्तूबर 2020 के बाद से उत्पादन और नए ऑर्डर में तेज वृद्धि की वजह से यह 59.1 के स्तर पर पहुंच सका है। इतना ही नहीं लगातार 33वें महीने विनिर्माण पीएमआई 50 के स्तर से ऊपर रहा है। गौरतलब है कि 50 से ऊपर का स्तर विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार का संकेतक है, जबकि 50 से कम का स्तर संकुचन का। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता है, जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है और वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है, जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है। इसी तरह अर्थव्यवस्था में नरमी रहने पर विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के लिए बाजार में मुद्रा की तरलता बढ़ाने की कोशिश की जाती है और इसके लिए भी रेपो दर में कटौती की जाती है, ताकि बैंकों को रिजर्व बैंक से सस्ती दर पर कर्ज मिले और सस्ती दर पर कर्ज मिलने के बाद बैंक भी ग्राहकों को सस्ती दर पर कर्ज दें। महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे, ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। फिर भी, एचएसबीसी इंडिया पीएमआई के आंकड़ों का 59.1 के स्तर पर पहुंचना आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का सूचक है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा, जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, केयर एज रेटिंग एजेंसी के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत रह सकती है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 14.0 प्रतिशत या 14.5 प्रतिशत रह सकती है। मौजूदा परिवेश में, रिजर्व बैंक रेपो दर को बढ़ाकर विकास दर को कम नहीं करना चाहता है।

भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद थोड़ी ज्यादा है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है, क्योंकि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है, ताकि आम आदमी को परेशानी भी न हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे, इसलिए रिजर्व बैंक 5 अप्रैल को रेपो दर में न तो कटौती करेगा और न ही वृद्धि।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



चंडीगढ़ का रॉक गार्डन दुनिया के सबसे ज्यादा फेमस गार्डंस में शुमार है। देश के मशहूर रॉक आर्टिस्ट नेकचंद ने वेस्ट मैटीरियल से करीब 40 एकड़ में इस गार्डन को तैयार किया था। नेकचंद ने 1957 में यह नेक पहल की। 18 साल के प्रयास के बाद इस रॉक गार्डन को तैयार कर सके।


## सच्चा भक्त ईश्वर से मुक्ति की भी याचना नहीं करता



संकलित
दर्शन

सच्चा भक्त ईश्वर से मुक्ति की भी याचना नहीं करता है। मन में मुक्ति की भी लेशमात्र इच्छा शेष रहते हुए वह अपने आपको प्रभु का सच्चा भक्त नहीं कह सकता है। मुक्ति की कामना सात्विक कामना होते हुए भी भक्त मुक्ति का दास बन जाता है। उसमें अभी स्वार्थ बाकी है; अत वह अपने को नैष्ठिक ईश्वर प्रेमी नहीं कह सकता है। अभी तक उसने परिपूर्ण और निशेष समर्पण नहीं किया है। मुक्ति की याचना एक प्रकार का दंभ ही है। क्या कोई सच्चा भक्त यह जानते हुए भी कि भगवान करुणा और दया के सागर हैं, उनसे कुछ याचना कर सकता है? वास्तविक भक्त कभी किसी बात के लिए भगवान से शिकायत नहीं करता। कच्चा भक्त कठिनाई में पड़ते ही भगवान की निंदा करने लगता है कि 'मैंने पचीस लाख जप किया, प्रतिदिन भागवत का पाठ करता रहा; फिर भी ईश्वर प्रसन्न नहीं हुआ; मेरा दुख दूर नहीं किया। वह अंधा है। मेरी प्रार्थना सुनता नहीं है। भगवान भी कैसा है! उस पर मेरा विश्वास नहीं रहा।' सच्चे भक्त को दुख तथा कष्ट में भी सुख ही मिलता है। अत वह दुख की ही कामना करता है, जिससे एक क्षण भी भगवान का विस्मरण न हो। उसे यह पूर्ण विश्वास होता है कि भगवान जो कुछ करता है, भले के लिए ही करता है। पुरी की एक घटना है। वहां एक आदमी था, जो भगवान हरि का परम भक्त था तथा उनके हाथों में अपने को पूर्णतया सौंप चुका था। वह एक बार सख्त बीमार हो गया।

## सफलता तो इन लोगों से रखें मित्रता, मुश्किल में देंगे साथ



संकलित
प्रेरणा

आचार्य चाणक्य बहुत बड़े विद्वान थे और वह चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु थे। उन्होंने एक नीति शास्त्र की रचना की थी, जिसे 'चाणक्य नीति' के नाम से जाना जाता है। चाणक्य नीति में जीवन से जुड़े लगभग सभी विषयों का जिक्र है। आज भी ये नीतियां युवाओं को मार्गदर्शित करती हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो चाणक्य नीति जीवन में मंजिल हासिल करने में मदद करती है। इसके अलावा इस नीति शास्त्र में व्यक्ति के गुण और अवगुणों के बारे में भी विस्तार से जिक्र किया गया है। साथ ही जीवन में किन लोगों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए, इस बात का भी उल्लेख है। दरअसल, अपने जीवन में हम सभी कई लोगों से मिलते हैं जिनमें से कुछ हमारे करीबी बन जाते हैं लेकिन कौन हमारे करीब है और निस्वार्थ के साथ मित्रता निभाता है इसकी पहचान करना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में चाणक्य नीति में रचित बातों का ध्यान रखना आपके लिए लाभकारी हो सकता है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि, हमें जीवन में किन लोगों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। चाणक्य नीति के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति लोगों के सामने अपनी बातों को स्पष्टता से रखता है, तो वो कभी किसी को धोखा नहीं दे सकता। ऐसे व्यक्ति को दिल का साफ माना जाता है। इन लोगों से मित्रता करनी चाहिए। ऐसे व्यक्ति पर आंख बंद कर भरोसा किया जा सकता है, जो कभी भी किसी भी तरह का लालच न रखता हो।

## दरकार
आशीष वशिष्ठ



# चुनाव में पर्यावरण हो मुद्दा

अठारहवीं लोकसभा के निर्वाचन के लिए चुनाव का शंखनाद हो चुका है। राजनीतिक दलों द्वारा वादों की झड़ी लगाई जा रही है। ऐसे में मतदाता उसी तरह भ्रमित हैं जैसे किसी शापिंग मॉल में चारों तरफ लगे डिस्काउंट सेल के इश्तहार देखकर होता है, लेकिन वादों के इस मौसम में आई एक खबर ने हर उस व्यक्ति को परेशान कर दिया जिसे अपने साथ -साथ अपनी संतानों के भविष्य की भी चिंता है। चुनाव आते ही नेताओं की रैलियां, भाषण, बड़े-बड़े वादे शुरू हो जाते हैं, परन्तु जो असल मुद्दे हैं उन पर कोई वादे नहीं होते। वर्तमान में हवा में प्रदूषण का स्तर दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लोगों को टीबी तथा श्वास की बीमारियां हो रही हैं, फिर भी लोग मजबूर हैं ऐसे हालात में जीने के लिए। चीन के बाद दूसरा स्थान भारत का है जहां प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या है। लगातार वैज्ञानिक वायु प्रदूषण के घातक प्रभाव हमारे समक्ष रख रहे हैं, परन्तु किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा। आंकड़े बताते हैं कि हम पूरे साल वायु प्रदूषण की चपेट में जीवन जीते हैं। बरसात के वक्त जरूर हमें इससे कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन शेष समय इसके साथ रहना ही पड़ता है। इस प्रदूषण का बड़ा कारण कारखानों और वाहनों से निकलता धुआं है। प्रदूषण पर नियंत्रण करना देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। देश में होने जा रहे आम चुनाव में भी प्रदूषण मुद्दा नहीं है। राजनीतिक दल इस पर चर्चा भी नहीं कर रहे। आम आदमी को प्रदूषण को लेकर सरकारों से सवाल करने होंगे। राजनीतिक दलों पर भी दबाव बनाना होगा कि चुनावी एजेंडे में साफ हवा-पानी को भी शामिल किया जाए। देश के 9 शहर प्रदूषण के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 शहरों में शामिल हैं। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि विश्व के शीर्ष 50 प्रदूषित शहरों में से 43 शहर तो भारत के ही हैं। प्रदूषण की स्थिति को लेकर हम दुनिया में नौवें नंबर पर हैं। ये आंकड़े डराते हैं। आखिर हम किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं? क्या हम साफ हवा में सांस भी नहीं ले सकते हैं? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या बिगड़े हुए हालात के लिए कहीं हम खुद ही तो जिम्मेदार नहीं हैं? सबसे दुखदायी आंकड़ा ये है कि भारत की 96 फीसदी आबादी की सांसों में प्रदूषित हवा प्रवाहित हो रही है। ये कहना भी गलत नहीं होगा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपेक्षित गंभीरता का अभाव है। ऐसे में ये प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ऐसे मुद्दे राजनीतिक विमर्श में शामिल क्यों नहीं होते? पंजाब के किसान जो पराली जलाते हैं उसकी वजह से दिल्ली सहित समीपवर्ती बड़े इलाके पर धुएं की चादर बिछ जाती है। सर्वोच्च न्यायालय तक इस मामले में सख्ती दिखा चुका है। आम आदमी पार्टी जब दिल्ली की सत्ता में आई तब वह पराली के लिए पंजाब को कसूरवार ठहराया करती थी किंतु जैसे ही वहां सरकार बनी उसकी शिकायत खत्म हो गई। समय की मांग है इस बारे में नई सोच विकसित की जाए ताकि दुनिया के विकसित देशों की कतार में शामिल होने के साथ ही भारत एक स्वच्छ और प्रदूषण रहित देश के रूप में भी जाना जाए। नेताओं को यह मालूम है कि वोट प्रदूषण के मुद्दे पर नहीं मिलेंगे, बल्कि जाति, धर्म, आरक्षण आदि के मुद्दों पर मिलेंगे। प्रदूषण सीधे जिंदगी से जुड़ा हुआ मुद्दा है, लेकिन चुनावी मुद्दा नहीं बनता। स्वच्छ भारत मिशन की तरह ही स्वच्छ हवा मिशन का नारा बनना चाहिए। देखना ये है कि कोई पार्टी इसे अपने घोषणापत्र में शामिल करती है या नहीं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सेजबहार की सड़कों पर अंधेरा

राजधानी से लगे सेजबहार की हाउसिंग बोर्ड कालोनी की सड़कों पर इन दिनों अंधेरा रहता है। स्ट्रीट लाइट बंद होने से आवारा कुत्ते और किसी अनहोनी को लेकर कालोनीवासी परेशान हैं। कुछ समय से कालोनी में लोगों की आबादी लगातार बढ़ रही है, वहीं हाउसिंग बोर्ड की ओर से मिलने वाली सुविधाओं में कटौती हो रही है। हाउसिंग बोर्ड के अफसर अब कालोनी की समस्या से पल्ला झाड़ रहे हैं। दफ्तर मौल श्री विहार में शिफ्ट हो गया है। ऐसे में आम लोगों की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं है।

-किशन कुमार

## करंट अफेयर

# 2024 के लिए नए फ़्लू टीके लेने से पहले क्या जानना जरूरी



मेलबर्न। इन्फ्लुएंजा एक सामान्य श्वसन संक्रमण है। हालांकि अधिकांश मामले अपेक्षाकृत हल्के होते हैं, फ्लू छोटे बच्चों और वृद्ध लोगों में अधिक गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। कोविड-19 महामारी के पहले वर्षों के दौरान जब सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिबंधों ने लोगों के बीच संपर्क कम कर दिया तो ऑस्ट्रेलिया से इन्फ्लुएंजा लगभग गायब हो गया। 2022 के बाद से, यह फिर एक मौसमी पैटर्न पर लौट आया है, हालांकि फ्लू का मौसम 2020 से पहले की तुलना में कुछ महीने पहले ही शुरू हो गया है और चरम पर है। वर्ष के इस समय फ्लू के मौसम की तीव्रता का अनुमान लगाना कठिन है, लेकिन कभी-कभी हमें उत्तरी गोलार्ध से संकेत मिल सकते हैं। वहां, सीज़न लगातार तीसरे वर्ष सामान्य से पहले शुरू हुआ (फरवरी/मार्च के अंत के बजाय जनवरी की शुरुआत में चरम पर), पिछले वर्ष की तुलना में बीमारी से प्रभावित लोगों और इसकी वजह से अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या समान रही। इन्फ्लूएंजा के टीकों की सिफारिश हर साल की जाती है, लेकिन अब विभिन्न प्रकार के टीकों की संख्या बढ़ रही है। इस महीने से उपलब्ध इस वर्ष के टीकों के बारे में जानने योग्य बातें यहां दी गई हैं। अन्य टीकों की तरह, इन्फ्लूएंजा टीके इन्फ्लूएंजा वायरस के एक हानिरहित घटक (एंटीजन के रूप में जाना जाता है) पर प्रतिरक्षा प्रणाली को 'प्रशिक्षित' करके काम करते हैं।

## ऑफ बीट

# मां-पिता का सामान समेटते समय ख्याल कैसे रखें



तो माँ या पिताजी की मृत्यु हो गई है, या वे वृद्ध आश्रम में चले गए हैं, और अब आप पर यह जिम्मेदारी है कि आप उनका घर खाली करें। यह बहुत बड़ा काम है और आप इससे डर रहे हैं। इस काम को करते हुए दुख, हानि, अपराधबोध होना और यहां तक कि यह काम आपको सौंपे जाने पर नाराजगी महसूस होना एकदम सामान्य है। तो आप कार्य निपटाते समय अपने मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल कैसे रख सकते हैं? अनुसंधान ने साबित किया है कि यह कार्य किस प्रकार तीव्र शारीरिक और भावनात्मक प्रभाव डाल सकता है। यह उन लोगों के लिए अधिक तीव्र हो सकता है जिनके उस व्यक्ति के साथ तनावपूर्ण – या यहां तक कि दर्दनाक – रिश्ते थे, जिसका घर वे समेट रहे हैं। वस्तुओं को वितरित करने या त्यागने के निर्णय, कुछ परिवारों में, अतीत की दर्दनाक यादें ला सकते हैं या तनावपूर्ण लम्हों को फिर से दोहरा सकते हैं। परिवार के वह सदस्य जो उस व्यक्ति की देखभाल कर रहे थे, उन्हें थकावट, घबराहट, उदासी या अन्याय की भावना महसूस हो सकती है, उन्हें अब अपने प्रियजनों के मामलों को देखना होगा। सामान कैसे संग्रहित करें या छोड़े, अंतिम संस्कार की व्यवस्था कैसे करें, वसीयत निष्पादित करें, वृद्ध देखभाल केन्द्र से निपटें या, कुछ मामलों में, कानूनी विवादों से कैसे निपटें, यह तय करने की व्यावहारिक चुनौतियों से दुख बढ़ सकता है।

## ट्रेंड

### राज्यसभा की अहम भूमिका



राज्यसभा दिवस की शुभकामनाएं। संघीय ढांचे को मजबूत करने, कानून बनाने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन करने और लोगों की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए 1952 में आज ही के दिन उच्च सदन का गठन किया गया था। तब से, राज्यसभा ने देश के परिवर्तन में अहम भूमिका निभाई है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### चरित्र मूल्यवान निधि



चरित्र जीवन की सबसे मूल्यवान निधि है, जो ज्ञान, तप शील और सद्गुणों से उन्नत होती है। शुभ चिंतन व तदानुकुल आचरण चरित्र को पुष्पित और पल्लवित करते हैं। जीवन की सार्थकता इसी में है कि चरित्र दृष्टांत, गाथा और उदाहरण बन जाए।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### वायनाड मेरा घर



वायनाड मेरा घर है, और वायनाड के लोग मेरा परिवार हैं। उनसे, मैंने पिछले पांच वर्षों में बहुत कुछ सीखा है और भरपूर स्नेह प्राप्त किया है। यह बहुत गर्व और विनम्रता के साथ है कि मैं इस खूबसूरत भूमि से एक बार फिर लोकसभा 2024 के लिए अपना नामांकन दाखिल कर रहा हूं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### केजरीवाल का स्वास्थ्य ठीक नहीं



अरविंद केजरीवाल का गिरता स्वास्थ्य चिंता का विषय है। कई सालों से वे सीवियर डयबीटिक हैं। गिरफ्तारी के बाद उनका वज़न 4.5 किलो गिर चुका है, सारा देश उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहा है।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




मोदी ने 'केस जीतकर' मंदिर का निर्माण कराया

कांग्रेस ने 70 साल तक राम जन्मभूमि के मुद्दे को लटका कर रखा

इस चुनाव में घमंडिया गठबंधन इकट्ठा हुआ

ये 12 लाख करोड़ के घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाले लोग

जिसने भ्रष्टाचार किया है वे जेल की सलाखों के पीछे जरूर जाएंगे



# सपा और कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि राम मंदिर का निर्माण हो : शाह

## विपक्ष का मकसद परिवार के लोगों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाना मोदी का मकसद गरीब, किसान, मजबूर को अपने पैरों पर खड़ा करना

**मुजफ्फरनगर (उप्र) (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस कभी नहीं चाहती थीं कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, मगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'केस जीतकर' मंदिर का निर्माण कराया। शाह ने भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष के 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया)' के प्रमुख घटक दलों समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा, अखिलेश यादव जी की पार्टी और कांग्रेस कभी नहीं चाहती थीं कि अयोध्या में राम मंदिर बने। कांग्रेस ने 70 साल तक राम जन्मभूमि के मुद्दे को लटका कर रखा लेकिन मोदी जी ने केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी की।

### पहले यूपी से लोगों को पलायन होता था, अब गुंडों का

शाह ने कहा, मैं आज इस मंच से उत्तर प्रदेश की जनता से कह रहा हूं कि 2014 में मोदी जी ने कहा था कि जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है वे जेल में जाएंगे और हम 2024 में भी कह रहे हैं कि जिसने भ्रष्टाचार किया है वे जेल की सलाखों के पीछे चले जाएंगे। विपक्ष का मकसद परिवार के लोगों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाना है। मोदी जी का मकसद गरीब, किसान, मजबूर, दलित और आदिवासियों को मजबूत बनाकर अपने पैरों पर खड़ा करना है। केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि 2014 में जब वह भाजपा के उत्तर प्रदेश प्रभारी थे तब कैराना, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर से लोगों का पलायन होता था लेकिन अब गुंडों का पलायन हो रहा है।

### हम किसानों के लिए अनेक योजनाएं लाए

उन्होंने कहा, "आप याद करिए कि जब कांग्रेस की सरकार थी तब गन्ने की एफआरपी (उचित एवं लाभकारी मूल्य) 210 रुपए प्रति क्विंटल थी और आज 340 रुपए प्रति क्विंटल करने का काम मोदी जी ने किया है। भुगतान की जहां तक बात है तो 1995 से 2017 तक औसत भुगतान 23000 करोड रुपए होता था आज 250000 करोड़ रूपया गन्ने का भुगतान करने का काम भाजपा ने किया है।" शाह ने कहा कि भाजपा के शासन में 20 से ज्यादा चीनी मिलों को दोबारा शुरू किया गया और पांच नई चीनी मिलें लगायी गयी हैं। उन्होंने कहा कि 2014-15 में इथेनॉल को पेट्रोल में नहीं मिलाया जाता था लेकिन मोदी सरकार की एक नीति की वजह से आज 156 करोड़ लीटर इथेनॉल को पेट्रोल में मिलाया जाता है जिससे गन्ना किसानों की आय बढ़ी है। बाद में, शाह ने पड़ोसी मुरादाबाद का दौरा किया और पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत की।

भाजपा अध्यक्ष का तीखा हमला

## 'इंडी अलायंस' के आधे नेता जेल में, आधे नेता 'बेल' पर

**जयपुर (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए बुधवार को कहा कि 'इंडी अलायंस' के आधे नेता जेल में हैं और आधे 'बेल' (जमानत) पर हैं। उन्होंने कहा ,'' इनको देश से कोई लेना देना नहीं है। ये परिवार बचाने में लगे हैं, अपनी पार्टियां बचाने में लगे हैं। इसके विपरीत, भाजपा मोदी जी के नेतृत्व में देश को आगे ले जाने का काम कर रही है।" नड्डा झालावाड़ में भाजपा की चुनाव सभा को संबोधित कर रहे थे। यह दो ही चीजों का अलायंस (गठबंधन) है... एक तो भ्रष्टाचार बचाओ गठबंधन और दूसरा उन परिवारों की पार्टियां हैं जिसमें अध्यक्ष भी परिवार का, संसदीय बोर्ड भी परिवार का, महासचिव भी परिवार का।



### तीनों लोकों में घोटाला

कांग्रेस पर कोयला घोटाले सहित कई घोटालों में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए नड्डा ने कहा, ''यानि गगन नहीं छोड़ा, पाताल नहीं छोड़ा, जल नहीं छोड़ा, तीनों लोकों में घोटाला ही घोटाला।" उन्होंने विपक्षी गठबंधन से जुड़े अखिलेश यादव, लालू यादव, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी एवं अरविंद केजरीवाल सहित अनेक नेताओं पर विभिन्न घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा,'' आप बताइए राहुल गांधी जमानत पर हैं या नहीं? सोनिया गांधी जमानत पर हैं या नहीं।

## राहुल ने वायनाड से नामांकन भरा



प्रियंका के साथ एक घंटे रोड शो किया

**वायनाड (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड सीट से नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने बहन प्रियंका गांधी के साथ एक घंटे का रोड शो किया। इस दौरान राहुल ने क्षेत्र की जनता से कहा कि आपका सांसद होना सौभाग्य की बात है। वायनाड सीट में राहुल के खिलाफ इंडिया में शामिल सीपीआई की एनी राजा चुनाव लड़ रही हैं। एनी राजा ने भी बुधवार को रोड शो करने के बाद अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस सीट से भाजपा ने केरल के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारा है। उधर, दिल्ली में कांग्रेस ने पार्टी की '5 न्याय, 25 गारंटी' को देश के लोगों तक पहुंचाने के लिए 'घर-घर गारंटी' कैंपेन शुरू किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसकी शुरुआत नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीट से की। पार्टी की प्लानिंग है कि कम से कम 8 करोड़ घरों में कांग्रेस की गारंटी कार्ड पहुंचाई जाए। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्त्ता कम से कम 8 करोड़ घरों में गारंटी कार्ड पहुंचाएंगे। वह लोगों को बताएंगे कि हमारी सरकार आने के बाद हम क्या क्या काम करेंगे।उन्होंने आगे कहा कि हम लोगों को गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार हमेशा गरीबों के साथ रहेगी और गरीबों के लिए काम करेगी।

## ममता की 'टी' पॉलिटिक्स



ममता ने टपरी पर उबाली सियासी चाय

**जलपाईगुड़ी (प.बंगाल) (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को बॉट लीफ फैक्ट्रीज (बीएलएफ) से छोटे चाय उत्पादकों से हरी पत्तियों की खरीद जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन से संबंधित मुद्दे को लोकसभा चुनाव के बाद राज्य प्रशासन द्वारा सुलझाया जाएगा। उत्तर बंगाल के अपने दौरे के दौरान संवाददाताओं से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे चाय उत्पादक (एसटीजी) कारखानों को हरी पत्तियां बेचते थे, जिन्होंने अचानक उनसे खरीद बंद कर दी है क्योंकि उन्होंने उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित केवल एफएसएसएआई मानकों वाली चाय खरीदने का फैसला किया है। बनर्जी ने कहा, ''छोटे चाय उत्पादक अपनी पांच बीघे तक की जमीन पर हरी पत्तियों का उत्पादन करते हैं और कारखानों को बेचते हैं। इस काम में करीब 10 लाख लोग लगे हैं। मैं उनसे उत्पादन जारी रखने का अनुरोध करती हूं और हम चुनाव के बाद कीटनाशकों के मुद्दे पर जिसे टी बोर्ड और अन्य प्राधिकारियों ने उठाया था वैज्ञानिकों से बात करेंगे और समाधान निकालेंगे।" उन्होंने उत्तर बंगाल के प्रशासन से भी यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि बीएलएफ द्वारा हरी पत्ती की खरीदारी बंद न हो।

घाटी में टूटा इंडी गठबंधन

## कश्मीर की तीनों सीटों पर चुनाव लड़ेगी पीडीपी

**श्रीनगर(एजेंसी)।** इंडिया में शामिल महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने कश्मीर की तीन लोकसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशी उतारने का फैसला किया है। यानी की इंडिया में शामिल मुफ्ती की पीडीपी और उमर अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेगी। बुधवार को महबूबा मुफ्ती ने कहा, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कश्मीर की तीनों सीटों पर चुनाव लड़ने का एकतरफा फैसला किया है। हम भी इन सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। जम्मू की दो सीटों पर चुनाव लड़ने पर जल्द ही फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अनंतनाग-राजौरी से मियां अल्ताफ को अपना उम्मीदवार बनाया है। उमर अब्दुल्ला ने हमारे लिए कोई विकल्प नहीं छोड़ा। इसलिए हमने ये फैसला किया।



### विकल्प ही नहीं छोड़ा

मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक दलों का एकजुट रहना समय की मांग है। लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस नेतृत्व का रवैया दुखदायी है। मुंबई में इंडिया की बैठक हुई थी। मैंने कहा था फारूक अब्दुल्ला हमारे वरिष्ठ नेता हैं। वह सीट बंटवारे पर फैसला लेंगे और न्याय करेंगे। मुझे उम्मीद थी कि वे अपने निजी हितों को एक तरफ रख देंगे। लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कश्मीर में सभी तीन सीटों पर एकतरफा चुनाव लड़ने का फैसला किया।

अनुशासनहीनता पर कांग्रेस ने की कार्रवाई

## संजय निरुपम 6 साल के लिए निष्कासित



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी बयानों की शिकायतों के बाद संजय निरुपम को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित करने की मंजूरी दे दी। मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम को बुधवार को ही स्टार प्रचारकों की लिस्ट से भी हटाया गया था। इधर पार्टी के फैसलों से नाराज निरुपम ने कहा है कि पार्टी अपनी ऊर्जा और स्टेशनरी मुझ पर खर्च न करे। कल मैं बड़ा फैसला कर लूंगा। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बताया कि उनका नाम (संजय निरुपम) स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल था। हमने उसे हटा दिया है। जिस तरह से उनके बयान आ रहे हैं, वे पार्टी विरोधी हैं।

आज भरेंगी नामांकन, योगी रहेंगे मौजूद

## हेमामालिनी फिर मथुरा से मैदान में



**मथुरा (उप्र) (भाषा)।** मथुरा लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार बनीं निवर्तमान सांसद हेमा मालिनी बृहस्पतिवार को नामांकन करेंगी। इस बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनका नामांकन कराने के लिए मथुरा पहुंच रहे हैं। वह यहां चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे।

## निःशक्त एवं दिव्यांग मतदाताओं को मिलेंगी विशेष सुविधाएं




**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान दिव्यांग, वृद्धजन और निःशक्त मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। छत्तीसगढ़ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने मंगलवार की देर शाम को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसका पूर्णतः पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

### व्हील चेयर भी कराई जाएगी उपलब्ध

उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं के लिए पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएंगी। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र को भू-तल में रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंच योग्य सड़क होनी चाहिए। मतदान केंद्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, दिव्यांग मतदाताओं के अनुकूल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपयुक्त ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित होना चाहिए।

## पंजाब में शराब, नकदी पर सख्त कार्रवाई करें अधिकारी : आयोग

**चंडीगढ़ (भाषा)।** निर्वाचन आयोग की एक टीम ने बुधवार को पंजाब में उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य में मादक पदार्थों, शराब और नकदी की तस्करी को रोकने के लिए अपने अभियान को व्यापक बनाने का निर्देश दिया। उप चुनाव आयुक्त हृदेश कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग की टीम ने उपायुक्तों, पुलिस आयुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदान में आसानी सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था करने के लिए भी कहा। पंजाब की 13 लोकसभा सीट के लिए आखिरी चरण में एक जून को मतदान होगा। आयोग की टीम ने चुनाव में तैनात केंद्रीय बलों के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

अखिलेश यादव का जनसंपर्क अभियान

## दो करोड़ पीडीए परिवारों से करेंगे संपर्क



**लखनऊ (भाषा)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता दो माह में दो करोड़ पीडीए परिवारों से सम्पर्क करेंगे और उनसे सामाजिक न्याय तथा आरक्षण के बारे में चर्चा करेंगे। पार्टी द्वारा जारी एक बयान में अखिलेश के हवाले से कहा गया कि इन परिवारों के सामने आर्थिक तथा सामाजिक गैरबराबरी और इसके दुष्प्रभावों का भी खुलासा किया जाएगा। पीडीए यादव द्वारा पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकः (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) के लिए गढ़ा गया शब्द है, जिसका इस्तेमाल सपा आगामी लोकसभा चुनाव में प्रमुखता से कर रही है। यादव ने कहा,'' भारत जैसी सामाजिक असमानता और भेदभाव आज भी कहीं और नहीं है।

एकमात्र सीट पर दोनों पार्टियों में बनी सहमति

## मिजोरम में आप कांग्रेस के साथ



**आइजोल (भाषा)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को घोषणा की कि वह मिजोरम की एकमात्र लोकसभा सीट पर 'इंडिया' गठबंधन में अपने सहयोगी कांग्रेस के उम्मीदवार का समर्थन करेगी। राज्य की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। आप की मिजोरम इकाई के अध्यक्ष एंड्रयू लालरेमकिमा ने कहा कि उनकी पार्टी ने चुनाव के लिए कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है और वह कांग्रेस उम्मीदवार लालबियाकजामा को समर्थन देगी।

अरुणाचल प्रदेश

# लोकसभा व विधानसभा में सियासी वर्चस्व की जंग में भाजपा व कांग्रेस

ओ.पी. पाल ▶▶| नई दिल्ली



अरुणाचल प्रदेश की दो लोकसभा और 60 विधानसभा सीटों के लिए एक साथ 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है। दोनों लोकसभा सीटों के साथ विधानसभा में पिछले एक दशक से अरुणाचल प्रदेश में बही सियासी हवा में भाजपा ने अपना वर्चस्व कायम किया है। चीन से सटे देश के सबसे छोटे अरुणाचल प्रदेश में इससे पहले कांग्रेस की राजनीति हावी रही है। इस बार के चुनाव में अरुणाचल में सियासी वर्चस्व की जंग में जहां भाजपा के लिए अपने जनाधार को कायम रखने की चुनौती है, वहीं वहीं कांग्रेस अपने पुराने सियासी किले को फतेह करने का प्रयास होगा। चीन की दखलंदाजी के केंद्र में शुमार अरुणाचल प्रदेश आबादी घनत्व के लिहाज से देश का सबसे छोटा राज्य है। अरुणाचल में केवल दो लोकसभा सीटें हैं, जिनमें अरुणाचल ईस्ट और दूसरा अरुणाचल वेस्ट हैं और दोनों सीटों पर जहां पहले कांग्रेस का दबदबा रहता था। लेकिन पिछले दो चुनाव में भाजपा ने जनाधार कायम करके जिस प्रकार उलट फेर किया है उससे इन दोनों लोकसभा सीटों पर भाजपा ने अपना वर्चस्व कायम कर लिया।

### महिला मतदाता ज्यादा

पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में **8,82,816** मतदाता अपने सांसदों व विधायकों को चुनेंगे। खासबात ये है कि राज्य में कुल वोटरों में **4,49,050** महिला मतदाता हैं, जबकि **4,33,760** पुरुष तथा छह ट्रांसजेंटर मतदाता पंजीकृत हैं। 46,144 नए मतदाता पहली बार अपना वोट डालेंगे। जबकि साल 2019 के पिछले चुनाव में 8,56,187 में 4,20,954 और 4,35,228 महिला वोटर थी। अरुणाचल पश्चिम लोकसभा में 33 तथा अरुणाचल पूर्व लोकसभा क्षेत्र में 27 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

**देश का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र :** अरुणाचल में दो लोकसभा और 60 विधानसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए 2,226 मतदान केंद्र बनाएं गये हैं। राज्य में मुक्तो विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 18-लुगुथांग लगभग 13,383 फीट की ऊंचाई पर स्थित देश का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है।

### सबसे कम जनसंख्या घनत्व

देश में अरुणाचल प्रदेश जनसंख्या घनत्व के लिहाज से सबसे छोटा राज्य है, जिसका घनत्व महज 17 है। इस राज्य की आबादी 2011 की जनसंख्या के अनुसार 13,83,727 है। यहां पर पुरुषों की संख्या 713912 है, जबकि महिलाओं की संख्या 669815 है। यहां पर लिंगानुपा के लिहाज से 1000 लड़कों में लड़कियों की आबादी 938 है। यहां की ज्यादातर आबादी शहरों में निवास करती है। जनसंख्या के लिहाज से देखें तो 11 लाख से ज्यादा लोग शहरों में निवास करते हैं, जबकि ढाई लाख के करीब जनसंख्या ग्रामीण इलाको में रहती है। अरुणाचल में साक्षरता का प्रतिशत 65.38 प्रतिशत के करीब है।

### विधानसभा चुनाव : दस विधायक निर्विरोध निर्वाचित

अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा की दो सीटों के साथ 60 विधानसभा सीटों के लिए भी 19 अप्रैल को चुनाव होना था, लेकिन मुख्यमंत्री पेमा खांडू समेत दस विधायकों के सामने कोई प्रत्याशी न होने के कारण उन्हें निर्विरोध चुन लिया गया है। अरुणाचल प्रदेश में एकमात्र अनारक्षित विधानसभा सीट बोरदुमसा-दियुन है, जहां 19,756 मतदाता हैं। अब अरुणाचल प्रदेश की 50 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होना है। इससे पहले 2014 के चुनाव में कांग्रेस के 11 सीटों पर बिना वोट डाले और गिनती के निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये जा चुके हैं। साल 2019 में अरुणाचल प्रदेश की 60 सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा को 41, जदयू को 7, एनपीपी को 5, कांग्रेस को 4, पीपीए को एक तथा दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की थी।

### राज्य में सबसे ज्यादा 30.26 फीसदी आबादी ईसाई धर्म की

अरुणाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा 30.26 फीसदी ईसाई धर्म की आबादी है। जबकि हिंदू आबादी करीब 29 प्रतिशत है, जिसमें 26 फीसदी डोनी-पोलो को मानते हैं। इस राज्य में 12 प्रतिशत के करीब बौद्ध धर्म से जुड़े लोग रहते हैं। जबकि पूर्वोत्तर के इस राज्य में मुस्लिम आबादी महज 2 फीसदी के करीब है। इसके अलावा इस राज्य में भाषाएं भी अलग अलग बोली जाती हैं, जिसमें 9 फीसदी बंगाली और करीब 8 फीसदी नेपाली और 6 फीसदी हिंदी भाषा बोली जाती है। जबकि आमतौर पर यहां 17.57 फीसदी लोग अदि भाषा बोलते हैं।

### पिछले नतीजे

पूर्वोत्तर राज्य की अरुणाचल प्रदेश वेस्ट लोकसभा सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी किरण रिजिजू ने सबसे ज्यादा 62 फीसदी वोट लेकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की थी। जबकि अरुणाचल प्रदेश ईस्ट लोकसभा सीट पर सर्वाधिक 52 फीसदी मत के साथ भाजपा के ही तापिर गाओ ने जीत को दोहराया था।




## एससीओ सम्मेलन में डोभाल ने सीमा पार आतंकवाद पर चिंता जताई

# आतंकवाद के साजिशकर्ताओं से प्रभावी ढंग से और तेजी से निपटा जाना चाहिए

भाषा ▶▶ अस्ताना

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने आतंकवाद के खतरे से निपटने में दोहरे मानकों को छोड़ने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि आतंकवाद के साजिशकर्ताओं से प्रभावी ढंग से और तेजी से निपटा जाना चाहिए।

कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विभिन्न आतंकवादी समूहों को पाकिस्तान के निरंतर समर्थन के बीच अपनी टिप्पणी में आतंकवाद के प्रायोजकों, वित्तपोषकों और मददगारों को जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। डोभाल ने एससीओ क्षेत्र में लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मुहम्मद, अल कायदा और उसके सहयोगी संगठन और आईएसआईएस समेत विभिन्न आतंकवादी समूहों द्वारा उत्पन्न खतरे का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत दूसरे देशों के साथ व्यापार और कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल एससीओ सदस्य देशों की संप्रभुता को ध्यान में रखते हुए होनी चाहिए।

*अजित डोवाल ने ये भी कहा है कि कजाखिस्तान के अस्ताना में आयोजित एससीओ सदस्य देशों की बैठक में आतंकवाद समेत विभिन्न मुद्दों पर अहम बयान दिया है। इस क्षेत्र में फैले आतंकी नेटवर्क के खात्मे के लिए मजबूत कदम उठाने का भी समर्थन किया है।*

**खास बातें**

- आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानकों को छोड़ने का आह्वान
- दूसरे देशों से व्यापार बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध

**सदस्य देशों की संप्रभुता को ध्यान में रखना चाहिए**



- रूस की सरकार और लोगों के साथ भारत की एकजुटता से अवगत कराया
- डोभाल ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकी कृत्य को उचित नहीं ठहराया जा सकता

### अफगानिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क पर भी चिंता

एनएसए अजित डोवाल ने अफगानिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क की निरंतर उपस्थिति सहित सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है उन्होंने कहा कि अगानिस्तान के पड़ोसी के रूप में वहां भारत के सुरक्षा और आर्थिक हित हैं। डोवाल ने इस बात पर जोर दिया कि अफगानिस्तान में मानवीय सहायता, अल्पसंख्यकों के अधिकारों का संरक्षण करना एससीओ की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने ये भी बताया कि भारत ने अफगानिस्तान में 3 बिलियन डॉलर का निवेश किया है और वहां, 50000 मीट्रिक टन गेहूं, 250 टन चिकित्सा सहायता, 40000 लीटर मैलाथियान कीटनाशक भेजा है।

### चीन की क्षेत्र एवं सड़क पहल की पारदर्शिता की कमी

*यह टिप्पणियां ऐसे वक्त आई हैं जब चीन की क्षेत्र एवं सड़क पहल को पारदर्शिता की कमी और राष्ट्रों की संप्रभुता की उपेक्षा को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। एनएसए ने 22 मार्च को मास्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए उन परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। डोभाल ने रूस के एनएसए पेत्रुशेव को सभी तरह के आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए रूस की सरकार और लोगों के साथ भारत की एकजुटता से अवगत कराया। सडोभाल ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकी कृत्य को उचित नहीं ठहराया जा सकता।*

### रूस में आतंकी हमले की निंदा

एनएसए अजित डोवाल ने 22 मार्च को मॉस्को में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अपने रूसी समकक्ष से कहा है कि आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए भारत सभी रूपों में रूसी सरकार और लोगों के साथ एकजुट है। एनएसए डोवाल ने कहा है कि सीमा पार से कोई भी कृत्य उचित नहीं है।

### प्रभावी तंत्र के निर्माण का समर्थन करता है भारत

*उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद में शामिल साजिशकर्ताओं से प्रभावी ढंग से और शीघ्रता से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत आतंक के वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए एससीओ के आरएटीएस (आतंकवाद से निपटने के लिए ढांचा) के भीतर सहयोग के लिए एक प्रभावी तंत्र के निर्माण का समर्थन करता है तथा इसे और मजबूत करने का समर्थन करता है। डोभाल ने अफगानिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क की निरंतर उपस्थिति सहित सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के निकटवर्ती पड़ोसी के रूप में भारत के अफगानिस्तान में जायज सुरक्षा और आर्थिक हित हैं। डोभाल ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान में एससीओ की तत्काल प्राथमिकताओं में मानवीय सहायता प्रदान करना, मादक पदार्थों की तस्करी का मुकाबला करना और महिलाओं, बच्चों के अधिकारों का संरक्षण करना शामिल है।*

# पुलिस से मुठभेड़ में गैंगस्टर ढेर घायल अधिकारी की भी जान गई

भाषा ▶▶ जम्मू



जम्मू-कश्मीर के कठुआ में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निकट पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक कुख्यात बदमाश मारा गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, मुठभेड़ के दौरान घायल हुए उप-निरीक्षक दीपक शर्मा ने बुधवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर. आर. स्वैन ने शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डीजीपी ने अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में 'पंजाब की तरह' आपराधिक सिंडिकेट स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार शाम कठुआ में मुख्य अस्पताल भवन के बाहर हुई मुठभेड़ के दौरान शर्मा (32) के सिर में चोट लगी थी और बाद में, उन्होंने एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# पाक में एक करोड़ लोगों के गरीबी रेखा के नीचे जाने का जोखिमः विश्व बैंक

- 1.8 प्रतिशत की सुस्त आर्थिक वृद्धि पर आधारित विश्व बैंक की आशंका

भाषा ▶▶ इस्लामाबाद




विश्व बैंक ने कहा है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। उसने आगाह किया है कि नकदी संकट से जूझ रहे देश में एक करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं। विश्व बैंक की यह आशंका 1.8 प्रतिशत की सुस्त आर्थिक वृद्धि दर के साथ बढ़ती मुद्रास्फीति पर आधारित है जो चालू वित्त वर्ष में 26 प्रतिशत पर पहुंच गयी है। विश्व बैंक ने पाकिस्तान के वृद्धि परिदृश्य पर अपनी छमाही रिपोर्ट में संकेत दिया कि देश लगभग सभी प्रमुख वृहद आर्थिक लक्ष्यों को हासिल करने से चूक सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान अपने प्राथमिक बजट लक्ष्य से पीछे रह सकता है। वह लगातार तीन साल तक घाटे में रह सकता है। यह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तों के उलट है। मुद्रा कोष ने अनिवार्य रूप से अधिशेष की स्थिति की शर्त रखी हुई है। रिपोर्ट के मुख्य लेखक सैयद मुर्तजा मुजफ्फरी ने कहा कि हालांकि पुनरुद्धार व्यापक है लेकिन यह अभी शुरुआती अवस्था में है। गरीबी उन्मूलन के जो प्रयास हो रहे हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं। इसमें कहा गया है कि आर्थिक वृद्धि मामूली 1.8 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान है। वहीं लगभग 9.8 करोड़ पाकिस्तानी के पहले से ही गरीबी रेखा के नीचे हैं। इसके साथ गरीबी की दर लगभग 40 प्रतिशत पर बनी हुई है। रिपोर्ट में गरीबी रेखा के ठीक ऊपर रह रहे लोगों के नीचे आने के जोखिम को बताया गया है। इसके तहत एक करोड़ लोगों के गरीबी रेखा के नीचे आने का जोखिम है। गरीबों और हाशिये पर खड़े लोगों को कृषि उत्पादन में अप्रत्याशित लाभ से फायदा होने की संभावना है।




# आंत के बैक्टीरिया : उम्र बढ़ने से बदल जाता है माइक्रोबायोम

- कुछ संक्रमणों और बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील
- अनुसंधान में खुलासा इसे होमियोस्टैसिस के रूप में जाना जाता है

भाषा ▶▶ वाटरलू

इंसान की प्रतिरक्षा प्रणाली उम्र के साथ बदलती रहती है। जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती है प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाएं कमजोर होने लगती हैं, जिससे वे कुछ संक्रमणों और बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। हालाँकि, प्रतिरक्षा प्रणाली की उम्र बढ़ना हर व्यक्ति में अलग दिखता है। अनुसंधान से पता चला है कि आंत में सूक्ष्मजीवों की संरचना और विविधता में परिवर्तन से प्रतिरक्षा प्रणाली की उम्र बढ़ने में इन अंतरों को समझा जा सकता है। आंत माइक्रोबायोम-सूक्ष्मजीवों की आबादी जो जठरांत्र संबंधी मार्ग में रहती है-बाहरी परिवर्तनों का सामना करने पर शरीर को आंतरिक वातावरण बनाए रखने में मदद करती है। इसे होमियोस्टैसिस के रूप में जाना जाता है। आंत माइक्रोबायोम विभिन्न तरीकों से होमियोस्टैसिस का समर्थन करता है। आंत माइक्रोबायोम प्रदाह संबंधी प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। प्रदाह शरीर को बीमारी पैदा करने वाले सूक्ष्मजीवों से लड़ने में मदद करता है, और क्षतिग्रस्त ऊतकों की मरम्मत में मदद करता है। हालाँकि, जैसे-जैसे आंत माइक्रोबायोम की संरचना उम्र के साथ बदलती है, प्रदाह का निम्न स्तर स्थिर हो सकता है। जब आंत में प्रदाह विकसित हो जाता है, तो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में कमी आ जाती है।

# अबूधाबी के हिंदू मंदिर में 3.5 लाख भक्तों ने दर्शन किए

**अबू धाबी(भाषा)।** जनता के लिए खुलने के एक महीने के भीतर साढ़े तीन लाख से अधिक भक्तों ने अबू धाबी में बने पहले पत्थर निर्मित हिंदू मंदिर में दर्शन किए। मंदिर अधिकारियों की तरफ से यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फरवरी में इस मंदिर का उद्घाटन किया गया था। इस प्रतिष्ठित मंदिर को एक मार्च को आगंतुकों के लिए खोला गया था। मंदिर के प्रवक्ता ने बताया, "पहले महीने में, लगभग 3,50,000 भक्त और आगंतुक थे, जिनमें से 50,000 प्रत्येक सप्ताहांत आते थे। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सोमवार को मंदिर निजी प्रार्थनाएं आयोजित करता है और आगंतुकों के लिए बंद रहता है, जिसका अर्थ है कि परिसर मार्च में 31 दिनों में से केवल 27 दिनों के लिए आम लोगों के लिये खुला था। उन्होंने कहा कि मंगलवार से रविवार तक हर शाम, स्वामीनारायण घाट के तट पर शाम साढ़े सात बजे गंगा आरती की जाती है, जो भारत से लाए गए गंगा और यमुना के पवित्र जल का उपयोग करके बनाया गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25